दैनिक
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर

# बढ़ता राजस्थान

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 13 | अंक : 45 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : ₹ 2.00 | टोंक | शुक्रवार, 19 सितंबर 2025 | आश्विन, कृष्ण पक्ष त्रयोदशी संवत् - 2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

www.badhatarajasthan.in  badhatarajasthan@yahoo.com  badhatarajasthan.dainik  badtarajasthan

## कानून को बना लिया चपरासी, आदेशों की चाय बना दी-अब खुलेआम बिक रहा न्याय?

# जयपुर में बेखौफ भूमाफिया, JDA की नाक के नीचे खड़ी कर दी 7 मंजिला अवैध इमारत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजधानी जयपुर में अवैध निर्माण का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की तमाम कार्रवाई और अदालती आदेशों के बावजूद, बेख़ौफ़ भूमाफिया ने एक सात मंजिला अवैध इमारत खड़ी कर दी। यह मामला जेडीए के जोन-9 में स्थित विश्वविद्यालय नगर का है, जहां भूखंड संख्या 207, 208, 209 और 211 को मिलाकर 30 फीट रोड पर एक विशाल अस्पताल का निर्माण किया गया है, जिसने भवन निर्माण नियमों और कानून की खुलेआम धज्जियां उड़ाई हैं।







### धोखाधड़ी का खेल: कागजों पर कुछ, हकीकत में कुछ और

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस भवन का निर्माण स्वीकृत नक्शे से पूरी तरह भिन्न है। अनुमोदित नक्शे में बेसमेंट के साथ छह मंजिलें बनाने की अनुमति थी, लेकिन निर्माणकर्ता ने नियमों को दरकिनार करते हुए एक अतिरिक्त मंजिल, यानी बेसमेंट के साथ सात मंजिलें खड़ी कर दीं। इतना ही नहीं, भवन के चारों ओर निर्धारित सेटबैक क्षेत्र (खुली जगह) को भी पूरी तरह से कवर कर लिया गया है, जो भवन विनियम 2020 की धारा 27(3) का सीधा उल्लंघन है। इस धारा के अनुसार प्रत्येक भवन में निर्धारित प्रतिशत में खुली जगह छोड़ना अनिवार्य है।

### नोटिस और आदेशों का 'मज़ाक'

जेडीए के प्रवर्तन दस्ते ने इस अवैध निर्माण पर मई 2023 में सख्त रुख अपनाते हुए जेडीए अधिनियम, 1982 की धारा 32 और 33 के तहत नोटिस जारी किया था। इसके बाद निर्माणकर्ता ने माननीय अपीलीय न्यायाधिकरण में अपील दायर कर दी। 19 मई 2023 को न्यायाधिकरण ने आदेश दिया कि जब तक कानूनी प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक निर्माण पर रोक रहेगी। लेकिन, न्यायालय के इस स्पष्ट आदेश के बावजूद, निर्माण कार्य 'युद्ध स्तर पर' जारी रहा। जून 2023 में, जेडीए ने एक बार फिर निर्माणकर्ता को 7 दिनों के भीतर अवैध निर्माण हटाने का आदेश दिया, लेकिन इस आदेश का भी कोई असर नहीं हुआ और निर्माण बेरोकटोक चलता रहा।

### कानून का 'इस्तेमाल' और फिर 'धोखा'

इस पूरे मामले में सबसे बड़ा सवाल तब खड़ा होता है जब नवंबर 2023 में, निर्माण पूरा होने के बाद, निर्माणकर्ता ने अपनी कोर्ट अपील को वापस ले लिया। इस कदम से यह साफ हो गया कि उन्होंने केवल न्यायालय के 'स्टे' आदेश का इस्तेमाल अवैध निर्माण पूरा करने के लिए किया और फिर कानूनी प्रक्रिया का मज़ाक उड़ाते हुए अपनी अपील वापस ले ली। इस घटना ने न केवल जेडीए की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं, बल्कि यह भी साबित कर दिया है कि भूमाफिया के हौसले कितने बुलंद हैं। आम जनता में यह संदेश गया है कि नियमों और आदेशों का उल्लंघन कर भी 'काम' किया जा सकता है। अब देखना यह है कि क्या प्रशासन इस गंभीर मामले पर कोई निर्णायक कार्रवाई करता है या इस अवैध इमारत को भी 'चलताऊ' मानकर छोड़ दिया जाता है।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार


"मामले को दिखवाता हूं, नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**-ब्रजभूषण अग्रवाल**
जेडीए जोन-9 प्रवर्तन अधिकारी

"मामला सुलझ गया है। बाकी जानकारी मेरे वकील को है।"

**-डॉ. महेंद्र कुमार मीना**
अस्पताल संचालक

निर्माणकर्ता से विस्तृत टिप्पणी लेने की कोशिश की गई, लेकिन खबर लिखे जाने तक केवल इतना ही जवाब मिला।




## अनिल अंबानी के खिलाफ सीबीआई ने चार्जशीट फाइल, यस बैंक के पूर्व सीईओ राणा कपूर भी आरोपी

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** यस बैंक के साथ फ्रॉड मामले में CBI ने गुरुवार, 18 सितंबर को अनिल अंबानी और अन्य लोगों के खिलाफ दो अलग-अलग चार्जशीट दाखिल की है। इन पर आरोप है कि अंबानी की ग्रुप कंपनियों और यस बैंक के पूर्व CEO राणा कपूर के परिवार की कंपनियों के बीच कथित तौर पर फर्जी लेन-देन हुए, जिससे बैंक को 2,796 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। सीबीआई का कहना है कि राणा कपूर ने अपनी पोजिशन का गलत इस्तेमाल करके यस बैंक के फंड्स को अंबानी की फाइनेंशियली कमजोर कंपनियों- RCFL और RHFL में डाला। बदले में, अंबानी की कंपनियों ने कपूर फैमिली की कंपनियों को कम ब्याज पर लोन और इन्वेस्टमेंट दिए। ये एक क्विड प्रो क्वो (लेन-देन का सौदा) था।

## चाबहार पोर्ट पर अमेरिका ने दिया बड़ा झटका, छूट खत्म करने का एलान

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** टैरिफ के बाद अब अमेरिका ने ईरान के चाबहार पोर्ट को लेकर एक बड़ा झटका दिया है। इसके तहत ट्रंप प्रशासन ने ईरान के चाबहार पोर्ट से जुड़ी छूट को खत्म करने का एलान कर दिया है, जिससे इस रणनीतिक बंदरगाह पर काम कर रहे देशों और कंपनियों पर अब प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं। ऐसे में इसका सीधा असर भारत समेत कई देशों पर भी होगा। कारण है कि भारत लगातार इस पोर्ट को विकसित करने में अहम भूमिका निभा रहा है।



### अमेरिकी विदेश मंत्रालय का बयान

अमेरिकी विदेश विभाग के उप प्रवक्ता थॉमस पिगॉट ने कहा कि ईरानी शासन को अलग-थलग करने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप की अधिकतम दबाव नीति के अनुरूप उसने अफगानिस्तान पुनर्निर्माण सहायता और आर्थिक विकास के लिए ईरान स्वतंत्रता और प्रसार-रोधी अधिनियम (आईएफसीए) के तहत 2018 में जारी प्रतिबंध अपवाद को रद्द कर दिया है। यह फैसला 29 सितंबर से प्रभावी होगा।




#### राष्ट्र को 1 लाख 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की मिलेगी सौगात

## प्रधानमंत्री मोदी 25 सितंबर को माही-बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र का करेंगे शिलान्यास

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी 25 सितम्बर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर पर केन्द्र व राज्य सरकार की लगभग 1 लाख 21 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न परियोजनाओं की बांसवाड़ा से सौगात देने जा रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री माही-बांसवाड़ा परमाणु ऊर्जा संयंत्र का शिलान्यास करेंगे, जो प्रदेश को ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी बनाने में ऐतिहासिक कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में श्री मोदी राजस्थान सहित कई राज्यों की स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाएं भी देशवासियों को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित बांसवाड़ा दौरे (25 सितंबर) की तैयारियों को लेकर श्री शर्मा गुरुवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को पूर्ण समन्वय स्थापित करते हुए संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित विभाग अपनी तय जिम्मेदारियों के अनुसार काम कर कार्यक्रम का सफल आयोजन सुनिश्चित करें।



मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री श्री मोदी बीकानेर-दिल्ली कैन्ट वन्दे भारत एक्सप्रेस, जोधपुर-दिल्ली कैन्ट वन्दे भारत एक्सप्रेस एवं उदयपुर सिटी-चण्डीगढ़ एक्सप्रेस का हरी झंडी दिखाकर शुभारम्भ करेंगे। इस कड़ी में बीकानेर, जोधपुर एवं उदयपुर रेलवे स्टेशन पर रेलवे के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यक्रमों की तैयारियां पूर्ण की जाए। उन्होंने पीएम कुसुम योजना के लाभार्थियों एवं प्रधानमंत्री के मध्य संवाद कार्यक्रम के लिए भी ऊर्जा विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

श्री शर्मा ने कहा कि आयोजन स्थल पर आमजन के लिए बैठक, पेयजल, आवागमन सहित अन्य सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं।

## सम्पादकीय

# आरोप उछालने की राजनीति, वोट चोरी के गलत आरोप




राहुल गांधी एक बार फिर वोट चोरी के आरोप के साथ सामने आए। इस बार उन्होंने कर्नाटक के अलंद से वोट काटे जाने का आरोप लगाया और अपनी ओर से कुछ कथित प्रमाण भी पेश किए। उनकी मानें तो यहां से कांग्रेस के 6018 वोटरों के वोट काटे गए। उन्होंने यह भी समझाया कि कर्नाटक के बाहर के लोगों ने मोबाइल फोन के जरिये कांग्रेसी वोटरों के नाम हटा दिए। उन्होंने अपने जिन आरोपों को सौ प्रतिशत पुख्ता बताया, उन्हें चुनाव आयोग ने निराधार करार देते हुए कहा कि इस तरह मोबाइल से वोट नहीं हटाए जा सकते। आयोग ने यह तो माना कि अलंद में कुछ लोगों के वोट हटाने की कोशिश हुई थी, पर यह भी साफ किया कि इसके खिलाफ एक रिपोर्ट भी दर्ज कराई गई थी और इस मामले की जांच अभी जारी है। स्पष्ट है जब तक यह जांच पूरी नहीं हो जाती, तब तक राहुल के आरोपों को सच मान लेने का कोई कारण नहीं। निःसंदेह इस नतीजे पर भी नहीं पहुंचा जा सकता कि यदि कहीं किसी के नाम वोटर लिस्ट से अनुचित तरीके से हटा या जोड़ दिए गए तो ऐसा मुख्य चुनाव आयुक्त के इशारे पर किया गया। देश में शायद ही कोई ऐसा चुनाव क्षेत्र हो, जहां मतदाता सूची में किसी तरह की गड़बड़ी न होती हो, लेकिन कम से कम राहुल को इतनी जानकारी होनी चाहिए कि इसके लिए स्थानीय नेताओं के साथ चुनाव कर्मचारी जिम्मेदार होते हैं, जो राज्य सरकारों के तहत काम करते हैं। राहुल गांधी कुछ समय पहले भी वोट चोरी के ऐसे ही एक और मामले को सामने लाए थे। उसे उन्होंने एटम बम की संज्ञा दी थी। उनका दावा है कि वे वोट चोरी का ऐसा मामला रखेंगे, जो हाइड्रोजन बम सरीखा होगा और उसके बाद प्रधानमंत्री मोदी अपना मुंह नहीं दिखा पाएंगे। साफ है वे यह सिद्ध करने की कोशिश में हैं कि भाजपा छल-कपट से चुनाव जीत रही है। वे यह समझाने की जल्दबाजी में भी हैं कि इस छल-कपट में चुनाव आयोग भी भाजपा का साथ दे रहा है। अच्छा हो कि वे यह समझें कि कोई सनसनीखेज बात कहने मात्र से वह गंभीर आरोप की शक्ल नहीं ले लेती। वोट चोरी को तूल दे रहे राहुल को ऐसी किसी सीट का उदाहरण देना चाहिए था, जहां भाजपा विधायक जीता होता। वे जिस अलंद सीट का हवाला दे रहे हैं, वहां तो 2023 में कांग्रेस प्रत्याशी ने जीत हासिल की थी। वह वोट चोरी के मामले को उछालकर सुर्खियां भले बटोर ले रहे हों, पर उनके इस दावे में दम नहीं दिखता कि वे लोकतंत्र बचाने का काम कर रहे हैं। यदि उन्हें सच में लोकतंत्र की परवाह है तो वे वोट चोरी के अपने कथित प्रमाणों के साथ अदालत क्यों नहीं जाते? वे नेता विपक्ष हैं। उन्हें सनसनी और भ्रम फैलाने वाली नहीं, बल्कि परिपक्व और जिम्मेदार राजनीति का परिचय देना चाहिए।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 19 सितंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1891 - विलियम शेक्सपीयर के प्रसिद्ध नाटक मर्चेंट ऑफ वेनिस का मैनचेस्टर में पहली बार मंचन किया गया।
- 1893 - स्वामी विवेकानंद ने शिकागो (अमेरिका) के विश्व धर्मसंसद में ऐतिहासिक भाषण दिया।
- 1893 - न्यूजीलैंड में निर्वाचन अधिनियम 1893 के तहत सभी महिलाओं को मतदान का अधिकार दिया गया।
- 1955 - अर्जेंटीना की सेना और नौसेना ने विद्रोह कर राष्ट्रपति जुआन पेरोन को पद से हटाया।
- 1957 - अमेरिका ने नेवादा के रेगिस्तान में पहला भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- 1962 - भारत की उत्तरी सीमा पर चीन द्वारा आक्रमण।
- 1982 - स्कॉट फाहमैन ऑनलाइन संदेश का इस्तेमाल करने वाले पहले व्यक्ति बने।
- 1983 - ब्रिटिश उपनिवेश कैरीबियन द्वीप, सेंट किट्स एवं नेविस स्वतंत्र।
- 1988 - इस्राइल ने परीक्षण उपग्रह होरिजोन-आई का सफलतापूर्वक प्रक्षेपण किया।
- 1996 - एलिजा इजेत्बोगोविक युद्धोत्तरकालीन बोस्निया के प्रथम राष्ट्रपति बने।
- 1996 - ग्वाटेमाला और वामपंथी विद्रोहियों की सरकार ने लंबे समय से चल रहे युद्ध को समाप्त करने के लिए एक शांति संधि पर हस्ताक्षर किए।
- 2000 - कर्नम मल्लेश्वरी ने ओलंपिक में भारोत्तोलन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।
- 2002 - इस्रायल के सैनिकों ने पश्चिमी किनारे पर फ़िलिस्तीन नेता यासिर अराफ़ात की घेराबंदी की।
- 2006 - सरकार का तख़्ता पलटने के बीच थाइलैंड में इमरजेंसी लागू। पोप बेनेडिक्ट ने अपनी इस्लाम सम्बन्धी टिप्पणी के लिए माफी मांगी। उत्तर कोरिया के ख़िलाफ़ आर्थिक प्रतिबंध को जापान ने मंजूरी प्रदान की। भारत ने आई.एम.एफ़. से सहयोग का वायदा किया।

## विशेष आलेख

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार- मोदी सरकार की पहल और राजस्थान के नवाचार


डॉ नयन प्रकाश गांधी




पिछले देश के यशस्वी माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के पावन अवसर पर 'स्वस्थ भारत-विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने हेतु एक विशेष पहल के रूप में मध्य प्रदेश के धार जिले से 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान' का शुभारंभ किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर राजस्थान की राजधानी जयपुर स्थित आरयूएचएस चिकित्सालय परिसर में आयोजित वर्चुअल कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को प्रेरक संबोधन से मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही, राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार की अभिनव सहभागिता इस अभियान को राज्य में प्रभावी रूप से लागू करने की दिशा में उल्लेखनीय रही।

**स्वास्थ्य से ही सशक्त राष्ट्र की नींव :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा स्वास्थ्य क्षेत्र में लाए गए क्रांतिकारी सुधारों की बुनियाद अंत्योदय और समावेशी विकास की भावना पर आधारित रही है। 'स्वस्थ भारत-विकसित भारत' की परिकल्पना का केंद्र बिंदु यही है कि जब देश की हर महिला, हर बच्चा और हर परिवार स्वस्थ रहेगा, तभी राष्ट्र का सर्वांगीण विकास संभव है।

स्वास्थ्य के प्रति यह समग्र और दूरगामी दृष्टिकोण न केवल व्यक्तिगत स्तर पर जीवन की गुणवत्ता को सुधारता है, बल्कि समाज, अर्थव्यवस्था और राष्ट्र की समग्र प्रगति को भी रफ्तार देता है।

'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान'—अवसर और अपेक्षाएं

महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को केन्द्र में लाने की यह पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारतीय समाज में महिलाएं परिवार की रीढ़ हैं। उनका स्वास्थ्य समूचे परिवार की भलाई का आधार है। यह अभियान मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण, प्राथमिक इलाज, टीकाकरण, और स्वास्थ्य जागरूकता को समग्र रूप से आगे बढ़ाने का कार्य करेगा।

**महिलाओं के स्वास्थ्य की चिंता**

ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाओं के समक्ष पोषण, एनीमिया, मातृत्व-पूर्व और प्रसवोत्तर समस्याएं आम हैं। यह अभियान इन समस्याओं के समाधान हेतु बहुआयामी कार्यक्रम लेकर आया है।

- परिवार की सशक्तता-जब महिलाएं स्वस्थ व जागरूक होंगी, तभी वे परिवार की आर्थिक, शैक्षणिक और सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभा सकती हैं, जिससे स्वावलंबी समाज का निर्माण संभव होगा।

**सेवाओं की सुलभता :** गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य लेकर चलने वाले इस अभियान से दूरस्थ और वंचित क्षेत्रों में रहने वाली महिलाओं और बच्चों को भी समुचित लाभ मिलेगा।

**राजस्थान सरकार—भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभिनव पहल :** राजस्थान की भजनलाल सरकार ने मोदी सरकार के स्वास्थ्य सेक्टर विजन को अपनाते हुए राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं के सार्वजनिक वितरण, आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण और स्वास्थ्य कर्मियों के प्रशिक्षण इत्यादि पर विशेष ध्यान केंद्रित किया है।

**आरयूएचएस चिकित्सालय की भूमिका :** जयपुर स्थित क्र॥स् न केवल राजस्थान बल्कि उत्तरी भारत का प्रमुख चिकित्सा शिक्षण संस्थान है। यहां निरंतर मेडिकल रिसर्च, सेवाएं व आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

**– जनजागृति के कार्यक्रमः** राजस्थान जैसे प्रदेश में रक्तदान जैसे सेवाभाव से जुड़ी गतिविधियों के आयोजन और महिलाओं-बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित शिविरों के माध्यम से जनजागरूकता को बल मिलता है।

**- राजकीय स्वास्थ्य योजनाओं की सफल क्रियान्वितिः** 'चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना', मातृ-शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, किशोरी बालिकाओं हेतु पोषण अभियान—ऐसी अनेक योजनाएं भजनलाल सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल हैं।

**मोदी सरकार के स्वास्थ्य क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर परिवर्तनकारी प्रयास**

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देशभर में आयुष्मान भारत, मिशन इंद्रधनुष, प्रधानमंत्री जन औषधि योजना और राष्ट्रीय पोषण मिशन जैसे कार्यक्रम लागू किए गए, जिनका लक्ष्य गरीब और कमजोर वर्गों को स्वास्थ्य की सर्वोत्तम सुविधाएं मुहैया कराना है। इनमें महिलाओं, बच्चों और किशोरियों पर विशिष्ट फोकस रखा गया है।

- आयुष्मान भारत योजना-दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत 50 करोड़ से अधिक लोगों को अस्पताल खर्च से राहत मिली।
- मिशन इंद्रधनुष-टीकाकरण कवरेज बढ़ाने के साथ-साथ बच्चों और माताओं की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित की गई।
- राष्ट्रीय पोषण मिशनः कुपोषण को जड़ से समाप्?त करने की दिशा में केंद्र राज्यों की भागीदारी बढ़ी।

**रक्तदान शिविर—सेवा और सहभागिता की मिसाल :** जयपुर के आरयूएचएस चिकित्सालय परिसर में आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के अवलोकन और रक्तदाताओं के उत्साहवर्धन की यह पहल समाज में परस्पर सेवा, दान और सहभागिता के संस्कारों को प्रोत्साहित करती है। रक्तदान केवल एक सेवा नहीं, बल्कि जीवनदान का सबसे पावन रूप है।

# बिहार में महागठबंधन में पढ़ सकती है दरार, कई है कारण

*आर जे डी नेताओं ने सोमवार को पासवान के नेतृत्व में अपनी अलग रणनीति बैठक आयोजित की, जिसमें चुनावी योजनाओं पर चर्चा हुई। पासवान, जो 2005 में आर जे डी से कुटुंबा जीत चुके हैं और तत्कालीन आर जे डी सरकार में मंत्री रह चुके हैं, ने कार्यकर्ताओं को एकजुट करने का प्रयास किया।*


अशोक भाटिया

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए महागठबंधन में आर जे डी और कांग्रेस के बीच सीट बंटवारे तथा मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को लेकर खुली खुली टकराहट हो गई है। अक्टूबर-नवंबर में होने वाले 243 सीटों वाले चुनाव से ठीक पहले ये दरारें विपक्षी एकता पर सवाल खड़ी कर रही हैं, जबकि सत्ताधारी मजबूत स्थिति में है। सबसे ताजा घटना औरंगाबाद जिले के कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र में घटी, जहां बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने महागठबंधन के कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाई। लेकिन आर जे डी के ब्लॉक और जिला अध्यक्षों ने साथ ही पूर्व विधायक सुरेश पासवान ने बिना वजह बताए इसका बहिष्कार कर दिया। आर जे डी नेताओं ने सोमवार को पासवान के नेतृत्व में अपनी अलग रणनीति बैठक आयोजित की, जिसमें चुनावी योजनाओं पर चर्चा हुई। पासवान, जो 2005 में आर जे डी से कुटुंबा जीत चुके हैं और तत्कालीन आर जे डी सरकार में मंत्री रह चुके हैं, ने कार्यकर्ताओं को एकजुट करने का प्रयास किया। यह घटना गठबंधन में बढ़ती असहमति को उजागर करती है। वैसे तो विवाद के कई कारण है उनमें कई कारण है । पहला विवाद की जड़ सीएम पद के उम्मीदवार को लेकर है। पिछले सप्ताह ऐ आइ सी सी के बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने कहा कि इंडिया ब्लॉक का सीएम फेस बिहार की जनता तय करेगी। यह बयान आर जे डी को चुभ गया, जो तेजस्वी प्रसाद यादव को गठबंधन का चेहरा बनाने पर अड़ा है। तेजस्वी, विधानसभा में विपक्ष के नेता, खुद को सीएम दावेदार बताते हुए नीतीश कुमार को दुबला-पतलासी एम और दुबारासी एम कहकर आलोचना कर रहे हैं। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खडग़े जैसे कांग्रेसी नेताओं के सामने भी वे ऐसा कह चुके हैं।इस पर तेजस्वी ने 13 सितंबर को मुजफ्फरपुर के कांटी में रैली में कहा, इस बार तेजस्वी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगा। कांटी, मुजफ्फरपुर, गायघाट—हर जगह से। सबको अपील है कि तेजस्वी को वोट दो, बिहार को आगे ले जाएंगे। उन्होंने जोर देकर कहा, हम लौटेंगे। याद रखो, तेजस्वी सभी 243 सीटों पर मैदान में होगा। राजनीतिक विश्लेषक इसे गठबंधन पर दबाव बनाने और आर जे डी आधार मजबूत करने की रणनीति मानते हैं। कांग्रेस की ओर से एन एस यू आइ प्रभारी और युवा चेहरा कन्हैया कुमार ने 9 सितंबर को पटना में मीडिया सम्मेलन में कहा, हमें 70 सीटों तक क्यों सीमित कर रहे हो? हम सभी 243 सीटों पर लड़ेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि उम्मीदवार का फैसला पार्टी लेगी, लेकिन गठबंधन सभी सीटों पर लड़ेगा। यह बयान सीट बंटवारे पर कांग्रेस की मांग को दर्शाता है, जो 2020 की तरह 60-70 या इससे अधिक सीटें चाहती है। विवाद की जड़ें राहुल गांधी की वोटर अधिकार यात्रा से भी जुड़ी हैं, जहां आर जे डी को किनारे लगने का अहसास हुआ। कांग्रेस अब दूसरा वायदा निभाने को तैयार नहीं। सूत्रों के अनुसार, अगर सीटें कम मिलीं तो डिप्टी सीएम पद की मांग कर रही है, जो विकासशील इंसान पार्टी के मुकेश साहनी भी दोहरा रहे हैं।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान


**मुकेश गुर्जर (कॉन्स्टेबल राज.पुलिस)**

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान पुलिस के जांबाज सिपाही मुकेश गुर्जर जोकि आजकल कोतवाली पुलिस टीम में शामिल हैं।

कहां जाता है ना कि सरपट दौडऩे वाली ट्रेन को तो वाही वाही मिल जाती है लेकिन उसके पहियों की तरफ किसी का ध्यान नहीं जाता । हमारे शख्सियत कॉलम में आज हम स्टार बना रहे हैं क्राइम कंट्रोल करने वाली राजस्थान पुलिस की टीम के उसे पहले छोटी इकाई का जो वास्तव में अपनी जान हथेली पर रखकर अपराध रोकने में हमेशा आगे रहती है। जहां राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल हमेशा अपराधियों के घर पकड़ अभियान में सबसे आगे रहते हैं। मुकेश गुर्जर भी एक जांबाज सिपाही है अपने स्तर पर अनुसंधान करते हुए विभिन्न मामलों में अपराधियों को धर दबोचा या फिर टीम द्वारा की गई कार्यवाही में कई मामलों में इनकी विशेष भूमिका रही है। बहुत व्यवहारशील व्यक्तित्व के धनी है और हमेशा अपने अधिकरियो के आदेश की पालना में कटिबद्ध हैं। शहर में हुई नकबजनी या मोबाइल लूट या अन्य चोरी की वारदातों में पूरी तन्मयता के साथ लगकर अपराधियों तक पहुंचने के पुलिस के प्रयासों में मुकेश गुर्जर की भूमिका हमेशा सराहनीय रही है।अनेकों बार अपनी जान की परवाह ना करते हुए मुकेश ने कई बड़े बडे अपराधियो को पकड़ा है। टीम बढ़ता राजस्थान आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

## हैल्थ टिप्स
बढ़ता राजस्थान

# सावधान! इन 5 लोग गलती से भी नहीं रखना चाहिए नवरात्रि व्रत?



नवरात्रि व्रत में माता रानी के 9 अलग-अलग रूपों की पूजा की जाती है। भक्त व्रत रखते हैं और हर घर से पूजा-पाठ और शंख-घंटी की ध्वनि सुनाई देती है। नवरात्रि का व्रत सिर्फ धार्मिक आस्था और भक्ति का प्रतीक ही नहीं है, बल्कि यह शरीर को शुद्ध करने और आत्मसंयम सिखाने का भी माध्यम है। महिला से लेकर पुरुष तक नवरात्रि में व्रत रखते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि नवरात्रि का उपवास हर किसी के लिए फायदेमंद नहीं होता? जी हां, कुछ लोगों के लिए यह व्रत रखना सेहत पर भारी पड़ सकता है। गलत तरीके से व्रत रखने से कमजोरी, पाचन संबंधी समस्या, ब्लड शुगर असंतुलन और अन्य स्वास्थ्य खतरे बढ़ सकते हैं। आज हम आपको उन 5 लोगों के बारे में ये बताने जा रहे हैं जिन्हें नवरात्रि का व्रत नहीं रखना चाहिए। अगर आप भी इस लिस्ट में आते हैं तो ये खबर आपके बहुत काम की है। तो आइए जानते हैं वे 5 तरह के लोग, जिन्हें नवरात्रि व्रत भूलकर भी नहीं रखना चाहिए।

**1. डायबिटीज के मरीज**

नवरात्रि के व्रत भक्तों की आस्था का प्रतीक माने जाते हैं। मगर कुछ लोगों को व्रत न रखने की सलाह दी जाती है उनमें से एक हैं डायबिटीज के मरीज। डायबिटीज के मरीजों को लंबे समय तक भूखा न रहने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे उनकी सेहत खराब हो सकती है। ज्यादा लंबे समय तक खाना न खाने से और फलाहार लेने से शुगर लेवल डाउन हो सकता है।

**2. गर्भवती महिलाएं**

नवरात्रि के व्रत गर्भवती महिलाओं और हाल ही में बच्चे को जन्म देने वाली महिलाओं को न रखने की सलाह दी जाती है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपका धन यदि कही फंसा हुआ था, तो आप उसकी वसूली कर सकते हैं। आप अपने किसी मित्र की मदद के लिए आगे आएंगे।

**वृष**
आज आप अपने व्यवसाय में कुछ नए प्रयोग कर सकते हैं। आपकी जिम्मेदारियां बढ़ेंगी, लेकिन उनसे आप घबराएंगे नहीं और संतान को कहीं पढ़ाई के लिए बाहर भी भेज सकते हैं।

**मिथुन**
आज आप अपने लंबे समय से रुके हुए कामों को पूरा करने की पूरी कोशिश करेंगे और आप अपनी आय को बढ़ाएंगे। अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे, क्योंकि आप अपनी संतान को कोई जिम्मेदारी दे सकते हैं।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए उन्नति की राह पर आगे बढऩे के लिए रहेगा। कारोबार में आपको अच्छी सफलता हासिल होगी। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को किसी अच्छी जगह से बुलावा आ सकता है।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपके कुछ नए प्रयास रंग लाएंगे। आपको किसी जरूरी काम को लेकर यात्रा पर जाना पड़ सकता है।

**कन्या**
आज आपको अपनी कमियों को दूर करके आगे बढ़ाना होगा। भाई- बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा, लेकिन आपकी बेवजह की आदत आपकी टेंशन को बढ़ाएगी। आपको अपनी माताजी की सेहत को लेकर सावधान रहना होगा।

**तुला**
आज आपके खर्च आपके सिरदर्द बन सकते हैं, लेकिन आपको अपनी सेहत को लेकर भी थोड़ा एतियात बरतनी होंगी। आपको किसी काम को लेकर योजना बनाकर चलना होगा। आपका कोई पुराना लेन देन चुकता होगा।

**वृश्चिक**
आज आपके मन में प्रेम और सहयोग की भावना बनी रहेगी, लेकिन आप किसी अजनबी पर भरोसा ना करें। यदि आपने किसी दूसरे को बिना मांगे सलाह दी, तो वह बाद में आपके लिए समस्या बन सकती है।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए समस्याओं से भरा रहने वाला है। आपको अपनी सेहत पर पूरा ध्यान देना होगा। आपको किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद करने का मौका मिले, तो अवश्य करें। कार्यक्षेत्र में आपको अधिकारियों का पूरा सपोर्ट मिलेगा।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए बढिय़ा रहने वाला है। आप बुद्धि और विवेक से निर्णय लेकर लोगों को हैरान करेंगे। आपकी कूटनीति से आपके शत्रु भी आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। आप अपने बिजनेस में कुछ नयी योजनाओं को लेकर अपने पार्टनर से बातचीत कर सकते हैं।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको किसी काम की वजह से ऑफिस से जल्दी आना पड़ सकता है। आपको किसी भी परिस्थिति में भी धैर्य बनाए रखना होगा।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रहने से आप परेशान रहेंगे। आपको किसी जरूरी काम को लेकर यात्रा पर जाना पड़ सकता है। आप किसी काम के लिए माता-पिता से आशीर्वाद लेकर जाए, तो बेहतर रहेगा।

## कन्या पूजन कार्यक्रम के लिए सेवा भारती की समिति गठित



**बढ़ता राजस्थान, टोंक (का.स.)।** सेवा भारती जिलाध्यक्ष बाबू लाल शर्मा की अध्यक्षता में सेंट सोल्जर शिक्षा समिति तालकटोरा कार्यालय में शारदीय नवरात्रा में कन्या पूजन कार्यक्रम संबंधी बैठक आयोजित की गई। कन्या पूजन कार्यक्रम के लिए समिति का गठन किया गया जिसका संयोजक हरवंश शर्मा, सहसंयोजक बजरंग लाल यादव, सदस्य सूरज साहू, बाबू लाल वर्मा, रामप्रसाद शर्मा को नियुक्त किया गया। इसके साथ ही 22 से 30 सितम्बर तक आयोज्य सुपोषित भारत अभियान की रूपरेखा तय की गई, इसकी रूपरेखा और क्रियान्वयन के लिए श्रीमती शशि प्रभा कटियार एवं श्रीमती गीता को नियुक्त किया गया। सेवा भारती समिति के अध्यक्ष बाबू लाल शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का शताब्दी वर्ष होने के कारण हमें प्रत्येक सेवा बस्ती में सेवा कार्य प्रारम्भ करना हैं, जो बस्तियां वंचित हैं, उनमें भी शीघ्र कार्य शुरू करना है। बैठक में रवि शर्मा, रोहिताश्व कुमावत, नरेन्द्र जांगिड़, लड् किराड़, रतन लाल नामा, राधेश्याम शर्मा, अरविन्द शर्मा, कन्हैया कीर, सत्यनारायण नामा, गोविन्द शरण गुप्ता, जगदीश साहू आदि सदस्य मोजूद थे।

## आपणो गरबो 2.0' महोत्सव के पोस्टर का किया विमोचन



**बढ़ता राजस्थान, टोंक (का.स.)।** एक बार फिर भव्य सांस्कृतिक उत्सव का टोंक साक्षी बनने जा रहा है। युवाओं की टीम द्वारा आयोजित आपणो गरबो 2.0 का पोस्टर का विमोचन सर्किट हाउस में किया गया। यह आयोजन 28 सितंबर को शहनाई मैरिज गार्डन, टोंक में शाम 7 बजे से रात 10 बजे तक आयोजित होगा। आयोजकों का कहना है कि यह आयोजन टोंक शहर में एक ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान स्थापित करेगा, जिसमें सनातन धर्म और परंपराओं के गौरवपूर्ण स्वरूप को प्रस्तुत किया जाएगा।इस गरबा महोत्सव में- 108 भव्य दीपकों से महाआरती, 56 भोग की विशेष प्रस्तुति, पंजाबी ढोल की गूंज और भव्य आतिशबाज़ी, पारंपरिक संगीत, नृत्य और लाइव परफॉर्मेंस के साथ सजीव सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।पार्षद बादल साहू ने बताया कि युवाओं के सहयोग से इस बार भी एक भव्य डांडिया नाइट की तैयारी की जा रही है। यह आयोजन टोंक शहर को सांस्कृतिक ऊर्जा और सामूहिक एकता का अनुभव कराएगा। 'आपणो गरबो 2.0' केवल एक डांडिया नाइट नहीं बल्कि नवरात्रि की सांस्कृतिक धरोहर और सामुदायिक समरसता का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करेगा। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में विजय चौधरी, ईलू पाटनी, हर्षित मित्तल, अंकुर गोयल, परितोष जैन, हेमंत आज़ाद, राज यादव, दक्ष, परीक्षित साहू, योगेंद्र कुमावत, अनिल वर्मा, ललित सैनी, मनराज मीणा, द टोंक स्क्वायड, विशाल जांगिड़, मोहित वैष्णव, जीतू , विशाल जांगिड़, विशाल सैनी,विनोद सैनी सहित शहर के कई गणमान्य और युवा साथी मौजूद थे।

## स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान: विधायक गोठवाल ने किया दौरा



**बढ़ता राजस्थान, सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** प्रदेश में महिला स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाने को 17 सितम्बर से प्रारम्भ हुए स्वस्थ नारी सशक्त नारी अभियान के दूसरे दिन भी महिलाओ और मरीजों ने बढ़ चढ़ कर शिरकत की और स्वास्थ्य लाभ लिया। वही खंडार विधायक जीतेन्द्र गोठवाल फलोदी मे आयोजित शिविर मे शिरकत करने पहुंचे। चिकित्सा विभाग द्वारा उनका माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर फलोदी सरपंच, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी व स्टाफ मौजूद रहा। उन्होंने इन शिविरों के आयोजन को एक अभूतपूर्व कदम बताया जिससे आम जन को स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। उन्होंने सभी को इन शिविरों मे आकर लाभ लेने की अपील की।उनके द्वारा टीबी के मरीजों को पोषण हेतु निक्षय किट का वितरण किया गया। शिविरो का उद्देश्य मासिक धर्म स्वछता, पोषण को बढ़ावा देने, गैर संचारी रोग, कैंसर, एनिमिया, टीबी, सिकल सेल स्क्रीनिंग, टीकाकरण, प्रसव पूर्व जांच, मातृ शिशु स्वास्थ्य को प्रोत्साहन, रक्तदान व स्वास्थ्य के लिए जागरूकता हेतु समुदाय को संगठित करना है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अनिल कुमार जेमिनी ने बताया कि शिविर सभी जिला अस्पताल, शहरी स्वास्थ्य केंद्रों व सीएचसी-पीएचसी पर स्वास्थ शिविर लगाए लगाए जा रहे है इनमें जहां खास तौर पर न केवल महिलाओं की जांच होगी, बल्कि पूरा फोकस उसके निदान पर रहेगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य को सशक्त बनाना है।

**गर्भवतियों की हुई नि:शुल्क जांच :** शिविर मे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवतियों की प्रसव पूर्व जांच की गई साथ ही मां वाउचर योजना के तहत नि:शुल्क सोनोग्राफी हेतु वाउचर वितरित किये गए।

### फिर गहराया अग्रवाल-खण्डेलवाल ट्रस्ट व पुजारी का विवाद

# खुद की धर्मशाला में घुसने का प्रयास कर रहे लोगों को पुलिस ने खदेड़ा, दो चोटिल

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/गंगापुरसिटी (राकेश शर्मा)।** अग्रवाल-खण्डेलवाल धर्मशाला ट्रस्ट तथा बद्रीनाथजी मंदिर पुजारी का विवाद बुधवार को फिर से गहरा गया। पुरानी अनाज मण्डी में बैठक के बाद रैली के रूप में धर्मशाला में घुसने का प्रयास कर रहे दोनों समाज के लोगों को रोकने के लिए पुलिस ने लाठियां भांजी। इस दौरान पुलिस से खूब झड़प व धक्का-मुक्की हुई। इससे दो लोगों के सिर में चोट भी आई है। इसके बाद लोग भडक़ गए और धर्मशाला के बाहर ही धरने पर बैठ गए। वहीं भाजपा से सभापति शिवरतन अग्रवाल भी धरने में शामिल हुए। इसके बाद मौके पर पहुंचे एडीएम रामकिशोर मीना, एसडीएम बृजेन्द्र मीना की मध्यस्थता में दोनों समाज के लोगों के बीच हुई दो दौर की वार्ता भी बेनतीजा रही। इससे गुस्साए अग्रवाल समाज जिलाध्यक्ष गोविंद बरनाला ने सवाईमाधोपुर और करौली जिले के अग्रवाल समाज को अपने प्रतिष्ठान बंद रखने का आह्वान किया। अपनी मांगों को लेकर धरना अनिश्चितकालीन कर दिया गया है।



**यह है मामला**

तीन दिन पहले धर्मशाला में ट्रस्ट अध्यक्ष रवीन्द्र खण्डेलवाल के साथ मंदिर पुजारी रामेश्वर प्रसाद शर्मा तथा उसके पुत्रों ने मारपीट कर दी। इसकी शिकायत लेकर जब पदाधिकारी कोतवाली थाने पहुंचे तो वहां पर कोई सुनवाई नहीं हुई। हालांकि पुलिस ने पुजारी के पुत्र नीरज को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। लेकिन लोगों की मांग थी कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जाए। इसके विरोध में बुधवार को पुरानी अनाज मण्डी में दोनों समाज के लोग अपने-अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर पहुंचे। जहां पर पुलिस तथा प्रशासन के आला अधिकारी भी पहुंचे। लेकिन लोग धर्मशाला पहुंचकर ही वार्ता करने की बात कहने लगे। इसके बाद रैली के रूप में बद्रीनाथजी मंदिर तक पहुंच गए। इस पर मौके पर तैनात पुलिस बल ने उनको रोकना चाहा, लेकिन लोगों ने जब जबर्दस्ती घुसने का प्रयास किया तो पुलिस ने लाठियों के बल पर उनको खदेड़ दिया। ऐसा दो बार करना पड़ा। मौके पर एएसपी राकेश राजौरा, पुलिस उपाधीक्षक सीताराम मीना, पांचों थानों की पुलिस के अलावा बामनवास का जाप्ता भी तैनात रहा।

**राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने की निंदा**

सवाईमाधोपुर-गंगापुर में अग्रवाल-खण्डेलवाल ट्रस्ट व पुजारी विवाद के मामले को लेकर पुलिस की ओर से किए गए लाठीचार्ज मामले को लेकर अग्रवाल समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक गर्ग ने घटना की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि पुलिस का बल प्रयोग करना निंदनीय है। घटना के बाद से सवाईमाधोपुर जिले में भी अग्रवाल समाज के लोगों में रोष बना है।

**यह है मांगे**

ट्रस्ट के अनुसार मंदिर में अवैध रूप से कब्जा किए हुए पुजारी को हटाया जाए। लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए अध्यक्ष पर हमला करने वालों की गिरफ्तारी की जाए ।

## देवली में शहरी सेवा शिविर प्रारंभ,फिर क्यों शहर के वार्डो में बना हुआ है गंदगी का आलम?



**स्वस्थ राजस्थान,स्वच्छ राजस्थान का सपना कैसे होगा साकार जहां गंदगी का आलम 12 महीने बना रहता हो?**



बढ़ता राजस्थान

**देवली (गोविंद सिंह सेठी)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वे जन्मदिन के उपलक्ष पर देशभर में ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर अभियान शुरू किया गया है। इसी के तहत स्वस्थ राजस्थान,विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में भी राजस्थान की भजनलाल सरकार जोर शोर से अभियान का प्रचार करते हुए आम जन तक अभियान का लाभ आसानी से पहुंचे इस पर निर्णायक भूमिका में बनी हुई है । लेकिन यहां उक्त अभियान के रहते हुए भी पालिका प्रशासन शहर में फेली गंदगी का निस्तारण करने में असफल बनी हुई है। मामला यह है कि देवली शहर के वार्ड नंबर 5 के मुख्य मार्ग स्थित होली दहन स्थल,रामदेवरा भवन के बाहर और भवन के पीछे 12 महीनो गंदगी का आलम बना हुआ रहता है। ऐसे हालातो की सूचना स्थानीय लोगों सहित मीडिया के जरिए पालिका प्रशासन को कई बार दी गई है। बावजूद इसके पालिका प्रशासन के अधिकारी यहां फैली हुई गंदगी और कचरे के ढेर को हटाने में लापरवाही बरतते चले आ रहे है। ऐसे में वार्ड नंबर 5 का उक्त मुख्य मार्ग सफाई के अभाव में गंदगी और बदबू से सटा हुआ रहता है। ऐसे हालातो से वाकिफ पालिका प्रशासन के अधिकारी स्थानीय लोगों को स्वच्छता का लाभ पहुंचाने में कोताही बरते हुए है। ऐसे मे सवाल यह उठता है कि। यहां बने ऐसे हालातो पर राजस्थान की भजन लाल सरकार का सपना,स्वस्थ राजस्थान,स्वच्छ राजस्थान का सपना आखिर कैसे साकार होगा। जहां 12 महीने गंदगी और बदबू का आलम बना हुआ रहता हो ।

## सेदरिया ग्राम विकास अधिकारी के साथ मारपीट करने व राज कार्य बाधा उत्पन्न करने का एक महिला के विरुद्ध मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** निवाई सदर थाना में सेदरिया ग्राम विकास अधिकारी के साथ मारपीट करने व राज कार्य बाधा उत्पन्न करने का मामला दर्ज करवाया गया है। सदर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत सेदरिया के ग्राम विकास अधिकारी गजानंद यादव ने मामला दर्ज करवाया है कि 17 सितंबर को राजस्व ग्राम भगत रामपुर में रास्ते के दो पेड़ों पर एक प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। इसके संबंध में मौका स्थिति के लिए तहसीलदार नरेश गुर्जर, भू अभिलेख निरीक्षक व हल्का पटवारी घनश्याम शर्मा के साथ मौका मुआयना किया जा रहा था। इसी दौरान स्थानीय महिला गडूली देवी पत्नी गोपी सिंह गुर्जर द्वारा मारपीट की गई व राज कार्य में बाधा उत्पन्न की। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## वार्डों में लगने वाले सभी शिविर नगरपालिका कार्यालय परिसर में होंगे आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** नगरपालिका क्षेत्र में आयोजित शहरी सेवा शिविर 17 अक्टूबर तक नगरपालिका कार्यालय परिसर में आयोजित होंगे। अधिशासी अधिकारी मनोहरलाल जाट ने बताया कि शिविरों का आयोजन पूर्व में वार्डवार विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर करने के लिए स्थान निर्धारित किए गए थे। उन्होंने बताया कि शिविर के आयोजन को लेकर संशोधन करते हुए प्रत्येक शिविर का स्थान नगर पालिका कार्यालय परिसर किया गया है। उन्होंने बताया कि लोगों को ज्यादा से ज्यादा राहत प्रदान करने के लिए शिविर में संशोधन किया गया है। कार्यालय परिसर में शिविर आयोजित होने से आमजन के कार्य त्वरित गति से करके राहत प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि 17 अक्टूबर तक शिविर नगरपालिका कार्यालय परिसर में ही आयोजित होंगे। सभी शिविरों में सभी वार्डों के लोगों के कार्य का निस्तारण कर राहत प्रदान की जाएगी। शिविर में सरकारी योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को लाभांवित किया जाएगा। शिविर को लेकर सभी वार्डों में साफ- सफाई, स्ट्रीट लाईट रिपेयर व नई लाईट लगाना, टूटे फेरोकवर व क्रॉस सही कराना, ब्लैक स्पॉट सही करवाना, पैच वर्क, सार्वजनिक पार्कों व सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई व रिपेयर, सिवरेज कनेक्शन व रिपेयर, कार्यालय में पेंडिंग पत्रावलियों का निस्तारण, विभिन्न प्रकार के स्टेट व ग्रांट एक्ट के पट्टे, कच्ची बस्ती, 69 ए, कृषि भूमि, भू उपयोग परिवर्तन, खांचा भूमि, नामांतरण, भवन निर्माण स्वीकृति, ट्रेड लाइसेंस, फायर एनोसी, स्ट्रीट वेंडर रजिस्ट्रेशन, उप विभाजन-एकीकरण, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, जन्म- मृत्यु, विवाह पंजीयन,

## राजस्थान हाईकोर्ट ने युवक को दी राहत, कहा-3 साल सोशल मीडिया से दूर रहना होगा,अन्यथा जमानत रद्द

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/जयपुर (राकेश शर्मा)।** राजस्थान हाईकोर्ट ने युवती के फोटो पर अभद्र टिप्पणी व स्टॉकिंग करने वाले युवक को 3 साल तक सोशल मीडिया से दूर कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता की जमानत मंजूर करते हुए कहा कि वह 3 साल तक अपने या किसी अन्य नाम से सोशल मीडिया का उपयोग नहीं करे। याचिकाकर्ता ने पीडि़ता को किसी भी तरह नुकसान पहुंचाया तो तुरंत जमानत रद्द कर दी जाएगी। न्यायाधीश अशोक



कुमार जैन ने करौली जिले के हिण्डौन सिटी निवासी 19 वर्षीय युवक के जमानत प्रार्थना पत्र पर यह आदेश दिया। याचिकाकर्ता पर 23 वर्षीय शादीशुदा युवती की फोटो के साथ चाकू आदि हथियार जोडक़र शेयर करने का आरोप है। स्टॉकिंग के इस मामले में करौली जिले के हिण्डौन सिटी थाने में फरवरी 2025 में एफआइआर दर्ज की गई। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता गिरीश खंडेलवाल ने कहा कि मामला बहुत गंभीर नहीं है और याचिकाकर्ता युवा है। उसने जानबूझकर टिप्पणी नहीं की और जांच पूरी हो चुकी। याचिकाकर्ता के फरार होने का अंदेशा नहीं है, इसलिए राहत दी जाए। पीडि़त पक्ष व सरकार के अधिवक्ताओं ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि वह पीडि़ता को परेशान करेगा। इस पर याचिकाकर्ता ने अंडरटेकिंग दी कि वह पीडि़ता व परिजनों के फोटो-वीडियो शेयर नहीं करेगा। इसके अलावा वह सोशल मीडिया से दूर रहेगा। पीडि़ता की ओर से याचिकाकर्ता पर धमकाने का आरोप लगाते हुए वैवाहिक जीवन प्रभावित करने के प्रयास किए जाने का अंदेशा जताया। कोर्ट ने जमानत मंजूर करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता क्लाउड सहित सभी जगह से पीडि़ता व उसके परिजन के फोटो- वीडियो स्थाई तौर पर हटा दे।

## फर्जी मोबाईल सिम विक्रेता आरोपी गिरफ्तार,20 तक पुलिस रिमांड मिला

बढ़ता राजस्थान

**टोंक (का.स.)।** जिला पुलिस अधीक्षक टोंक राजेश कुमार मीणा के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्रजेन्द भाटी व वृताधिकारी टोंक राजेश विद्यार्थी व पुलिस उप अधीक्षक साईबर सेल टोक के सुपरविजन में कोतवाली पुलिस थानाधिकारी भंवरलाल के नेतृत्व में टीम गठित करके पुलिस मुख्यालय जयपुर राजस्थान की तरफ से साईबर अपराधो पर अकुंश लगाने हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत साईबर सेल टोंक व कोतवाली पुलिस टोक द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुये अनाधिकृत तरिके से फर्जी सिमे जारी करके उन्हें साईबर अपराधियो तक पहुंचाने वाले आरोपी नीरज मीणा को गिरफ्तार किया गया है। कोतवाली पुलिस ने साईबर सेल टोंक को पुलिस मुख्यालय जयपुर राजस्थान से प्राप्त सन्दिग्ध पोश धारको की सुची के अनुसार कार्यवाही करते हुये अवेध रूप से जारी हुई सिमो के केवाईसी डिटेल में प्राप्त नाम पतो में जाकर सिम धारको से जाँच की गई। दौरान जाँच यह पाया गया कि एक पोस एजेन्ट नीरज मीणा पीओएस नाम वंश टेलिकॉम पता-02 मालियो की गली लुहारो का बाजार मन्दिर के पास टोंक द्वारा कई गाँवो में जाकर सिम बेचने का काम करता है।

बल्ले-बल्ले! अक्टूबर में छुट्टियां ही छुट्टियां

# लॉन्ग वीकेंड के साथ ऐसे मिलेंगी लगातार 9 दिन की छुट्टियां

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** अगले महीने यानी अक्टूबर 2025 में त्योहारों की लाइन लगी हुई है और इस बार सरकारी, ऐच्छिक और साप्ताहिक छुट्टियों को मिलाकर शानदार लॉन्ग वीकेंड्स मिलने जा रहे हैं। अगर आप थोड़ी-सी प्लानिंग से केवल दो छुट्टियां और लेते हैं तो आपको लगातार 9 दिनों की लंबी छुट्टियां मिल सकती हैं। दिवाली, गोवर्धन पूजा और भाई दूज जैसे त्योहारों के साथ यह महीना घूमने, त्यौहार मनाने या परिवार के साथ समय बिताने का सुनहरा मौका लेकर आया है। स्कूलों में भी दिवाली अवकाश 13 से 24 अक्टूबर तक रहेगा। 2 अक्टूबर (गुरुवार)- विजयादशमी/




महात्मा गांधी जयंती, 20 अक्टूबर (सोमवार)- दीपावली, 22 अक्टूबर (बुधवार)- गोवर्धन पूजा, 23 अक्टूबर (गुरुवार)- भाई दूज ऐच्छिक अवकाश, 1 अक्टूबर (बुधवार)-महानवमी, 20 अक्टूबर (शुक्रवार)- करवाचौथ

**स्कूलों में दिवाली की छुट्टियां 13 से 24 अक्टूबर तक :** शिक्षा विभाग ने इस बार दीपावली अवकाश व परीक्षा सहित कई व्यवस्थाओं में बदलाव किया है। प्रदेश की स्कूलों में दिवाली का अवकाश 16 अक्टूबर की जगह अब 13 अक्टूबर से होगा। इसी तरह 13 अक्टूबर से शुरू होने वाला दूसरा टेस्ट 25 अक्टूबर से शुरू होगा। राजस्थान सरकार शिक्षा ग्रुप एक ने शिविरा पंचांग में संशोधन कर इस संबंध में आदेश जारी किए हैं। वरिष्ठ शासन उपसचिव ओपी वर्मा की ओर से जारी आदेश में लिखा गया है कि स्कूलों में मध्यावधि अवकाश 16 से 27 अक्टूबर की बजाय 13 से 24 अक्टूबर और द्वितीय परख 13 अक्टूबर के स्थान पर 25 से 28 अक्टूबर तक होंगे। इसको लेकर कवायद शुरू कर दी गई है।

**2 छुट्टी लेने से मिलेगी 9 दिन की लगातार छुट्टियां**

शनिवार-रविवार की छुट्टी रहने वालों के मौज होने वाली है। दरअसल 21 अक्टूबर मंगलवार और 24 अक्टूबर शुक्रवार को अवकाश लेने पर 18 से 26 तक यानी 9 दिन की छुट्टियां मिलने वाली है। क्योंकि 18-19 अक्टूबर को शनिवार-रविवार का अवकाश फिर 20 की दीपावली और 21 अक्टूबर की छुट्टी लेने पर अगले 2 दिन गोवर्धन पूजा और भाई दूज की छुट्टी के बाद शुक्रवार की छुट्टी अपनी इच्छा से लेने पर फिर शनिवार-रविवार का अवकाश मिल जाएगा। 1 छुट्टी लेने पर मिलेगी 5 छुट्टियां

वहीं अक्टूबर के शुरू में ही 1 और 2 अक्टूबर की महानवमी और विजयादशमी की छुट्टी के एक दिन बाद ही शनिवार-रविवार का अवकाश मिलेगा। ऐसे में फिर शनिवार-रविवार का ऑफ होने वालों को एक साथ 5 छुट्टियां का लुत्फ़ उठाने को मिलेगा। ऐसे लोग मजे से परिवार के साथ त्यौहार मनाने का प्लान कर सकते हैं।

**मिलेंगे 2 लॉन्ग वीकेंड**

इस महीने में लॉन्ग वीकेंड की बात करें तो 10-11-12 अक्टूबर यानी करवाचौथ, शनिवार और रविवार का अवकाश18-19-20 अक्टूबर यानी शनिवार-रविवार और दीपावली की छुट्टी ऐसे में आपको बिना छुट्टियों किए 2 लॉन्ग वीकेंड भी मिल सकते हैं।

## प्रशिक्षण वर्ग में संगठनात्मक मुद्दों पर की चर्चा



**बढ़ता राजस्थान, सिरोही(नि.स.)।** एकल अभियान हल्दीघाटी अंचल (सिरोही) का समिति प्रशिक्षण वर्ग सरूपगंज स्थित काशी विश्वनाथ गोशाला में हुआ। इसमें विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में संभाग सचिव रेवाशंकर रावल ने संगठन की कार्यप्रणाली पर जानकारी दी। साथ ही समिति पदाधिकारियों को संगठनात्मक मजबूती के लिए प्रेरित किया। केंद्रीय ग्राम संगठन प्रमुख संचारचंद्र ने दायित्व बोध पर मार्गदर्शन दिया। प्रभाग अभियान प्रमुख विजयकुमार ने परस्पर समन्वय रखते हुए संगठन को और सशक्त बनाने का आह्वान किया। अंचल सचिव एडवोकेट भावाराम ने जनजातीय क्षेत्रों में बढ़ते धर्मांतरण पर चिंता जताई एवं रोकथाम के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता बताई। संत लालदास महाराज ने समर्पण व निष्ठा से कार्य किए जाने पर बल दिया। बैठक में अंचल अध्यक्ष रामेश्वर सोनी, मांगीलाल चौधरी, खंड सरसंघ चालक हिंदूराम डाबी, अंचल कोषाध्यक्ष चंद्रभान मोटवानी, अंचल ग्राम संगठन अध्यक्ष छोगालाल प्रजापत, गोशाला व्यवस्थापक मांगीलाल चौधरी समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**पदाधिकारी मनोनीत :** इस दौरान कार्यकर्ताओं को पदभार सौंपा गया। इनमें गौतम यति पाली को संभाग शिक्षा प्रभारी, मनोज अग्रवाल को अंचल गतिविधि प्रभारी, प्रदीप वैष्णव को अंचल जागरण प्रभारी, फगनाराम को संस्कार शिक्षा प्रभारी, प्रकाश प्रजापति को आरोग्य प्रभारी तथा रमेश रावल को सच जागरण प्रभारी पिंडवाड़ा का दायित्व सौंपा गया।

## दाल मिल में मिला फंगस लगा मूंग, खाद्य विभाग की टीम ने नष्ट करवाया



**बढ़ता राजस्थान, सिरोही(नि.स.)।** शिवगंज की एक दाल मिल में फंगस लगा मूंग मिला, जिसे खाद्य विभाग की टीम ने नष्ट करवा दिया। बड़ी मात्रा में मिला यह मूंग दाल बनकर लोगों के पेट तक पहुंच सकता था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. दिनेश खराड़ी के निर्देशानुसार शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा दल ने शिवगंज केसरपुरा स्थित पवनपुत्र दाल मिल में कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान यहां करीब 4 हजार 450 किलो मूंग साबुत व फंगस लगा मिला। भीगा हुआ व बदबूदार होने से टीम ने इसे मौके पर ही नष्ट करवाया। साथ ही मूंग दाल व मोगर दाल के नमूने लिए गए, जिसे जांच के लिए जोधपुर खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला भेजा गया।

**इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया :** दाल मिल संचालक को खाद्य सुरक्षा एवम मानक अधिनियम के तहत इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी मुकेश प्रजापत व धर्मवीर ने खाद्य सामग्री बनाने में उच्च गुणवत्ता युक्त सामग्री का उपयोग करने व स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की अपील की है। साथ ही नियमों की पालना को लेकर हिदायत दी है।

## रेखा बाई को अहीर यादव फाउंडेशन का कोटपूतली-बहरोड़ महिला जिलाध्यक्ष नियुक्त

**बढ़ता राजस्थान,पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम मांजूकोट निवासी रेखा बाई पुत्री ख्यालीराम यादव को अहीर



यादव फाउंडेशन में कोटपूतली-बहरोड़ महिला जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति समाज में महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को नई दिशा देने वाली पहल मानी जा रही है। अहीर यादव फाउंडेशन एक सामाजिक संगठन (एनजीओ) है, जो समाज के वंचित वर्गों के उत्थान, जरूरतमंदों की सहायता तथा सामाजिक सेवा गतिविधियों के लिए निरंतर कार्यरत है। रेखा बाई की नियुक्ति से संगठन को एक समर्पित और अनुभवी महिला नेता मिली है, जो महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक विकास को गति देंगी। सामाजिक कार्यकर्ता विकास यादव ने कहा कि रेखा बाई की नियुक्ति महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह नियुक्ति न केवल रेखा बाई के लिए, बल्कि पूरे जिले की महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। रेखा बाई को महिला जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर अनु यादव, मनीषा यादव कुनेड़, नीलम ठीकरिया, सीमा यादव, सुमन यादव सहित अन्य लोगों ने उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। रेखा बाई की इस उपलब्धि से न केवल उनके गांव मांजूकोट में, बल्कि पूरे जिले में खुशी की लहर है।

## महुआ स्थित द बोहराज ग्लोबल स्कूल में प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया




**बढ़ता राजस्थान, हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** महुआ स्थित द बोहराज ग्लोबल स्कूल में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी जी का जन्मदिन उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों को उनके व्यक्तित्व, जीवन संघर्ष और प्रेरणादायक कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत मोदी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। शिक्षकों ने उनके सादगीपूर्ण जीवन, अनुशासन, और राष्ट्रहित में किए गए योगदानों को साझा किया। बच्चों ने मोदी जी से प्रेरणा लेकर देश सेवा का संकल्प भी लिया। विद्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों ने धरती माता के नाम पर पौधे लगाए। इस अवसर पर विद्यालय मोदी जी अमर रहें और जय नरेंद्र मोदी जैसे नारों से गूंज उठा। विद्यालय निदेशक विनय बोहरा और सह निदेशक विकास बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि आज की युवा पीढ़ी के लिए एक जीवंत प्रेरणा हैं। उनका जीवन दर्शाता है कि कठिन परिश्रम, आत्मानुशासन और देशभक्ति से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर विद्यालय निदेशक विनय बोहरा, सह निदेशक विकास बोहरा, प्रिंसिपल पी ओ नागर, राजेश, पुनीत, कोऑर्डिनेटर श्वेता राणा नेगी, सभी विषय अध्यक्ष और समस्त अध्यापकगण मौजूद रहे।

# आखिर क्या हैः छवि धूमिल करने का प्रयास या तंत्र की विफलता

## राज्यमंत्री के आगमन व प्रस्थान के समय दोनों बार विरोध

बढ़ता राजस्थान

सिरोही (जीतेश रावल)। स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के आगाज पर सरकारी अस्पताल में कार्यक्रम स्थल पर राज्यमंत्री ओटाराम देवासी को कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दो बार विरोध झेलना पड़ा। पहला शिविर स्थल पर आगमन के दौरान व दूसरा प्रस्थान के समय। विरोध प्रदर्शन करने वाले कांग्रेस कार्यकर्ता यहां पूरे समय डटे रहे। राज्यमंत्री का घेराव करते हुए ज्ञापन दिया तथा जिला अस्पताल की समस्याओं का समाधान किए जाने की मांग रखी। हालांकि लोकतांत्रिक व्यवस्था में इस तरह के प्रदर्शन कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन शिविर स्थल पर पूरे समय तक डटे रहने एवं दोनों समय राज्यमंत्री का घेराव किए जाने की बात सोचने को मजबूर करती है। एक सवाल यह भी कि आखिर यह क्या था। राज्यमंत्री व सरकार की छवि धूमिल करने का प्रयास या प्रशासनिक तंत्र की विफलता।

### सुरक्षा के प्रति गंभीरता नहीं है या अनदेखा कर रहे

प्रवेश के दौरान एक-दो कार्यकर्ता राज्यमंत्री के बेहद करीब आ गए थे, जिनको राज्यमंत्री ने खुद हाथ के इशारे से दूर किया। इसे सुरक्षा में सेंध ही कहा जाएगा कि इन सबके बावजूद न तो राज्यमंत्री का सुरक्षाकर्मी वहां दिखा और न स्थानीय पुलिस अधिकारी। पूरा प्रशासनिक अमला यहां मौजूद रहने के बाद भी दोनों बार का घेराव किसी भी अधिकारी की नजर में आखिर क्यों नहीं आया। राज्यमंत्री की सुरक्षा में गंभीरता नहीं दिखाई या इसे जानबुझकर अनदेखा किया गया।



सिरोही में राज्यमंत्री का घेराव कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को दूर करते भाजपा पदाधिकारी।

### ... तो क्या अमला अलर्ट नहीं था

सबसे बड़ा सवाल तो यही कि कांग्रेस कार्यकर्ता प्रदर्शन करने आए और पूरे समय यहां डटे रहे। क्या पुलिस व प्रशासनिक तंत्र को इनके आगमन या प्रदर्शन की कोई जानकारी नहीं थी। आगमन पर राज्यमंत्री का घेराव किया गया और कार्यक्रम सुचारू रहने तक वे यहीं डटे रहे। प्रस्थान के समय वापस घेराव किया। इस बार जिला कलक्टर भी राज्यमंत्री के साथ रहीं तो क्या पुलिस व प्रशासनिक अमला अलर्ट नहीं था। राज्यमंत्री के आगमन पर ही वे ज्ञापन दे चुके थे तो काफी देर तक उनके वहीं डटे रहने का मकसद क्या था इस पर तंत्र की नजर क्यों नहीं रही।

### समस्याएं तो जस की तस रह गई

मामला चाहे जो हो, लेकिन आगमन व प्रस्थान के दोनों समय में घेराव होने से राज्यमंत्री का मूड उखड़ा सा रहा। ऐसे में वे कार्यक्रम निपटते ही रवाना हो गए। संभवतया जिला अस्पताल आए थे तो ज्वलंत समस्याओं का नजारा भी करते और सुधार के लिए अधिकारियों को निर्देशित भी करते, लेकिन ऐसा नहीं हो पाया। ऐसे में राज्यमंत्री का घेराव और प्रदर्शन खबरों की सुर्खियां तो बना पर समस्याएं जस की तस रह गई।

### बचाव न करते तो राज्यमंत्री को धक्का लग जाता

राज्यमंत्री के आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने घेराव किया तो उनके साथ चल रहे भाजपा के राजसमंद प्रभारी वीरेंद्रसिंह चौहान ने जरूर बचाव किया। वे प्रदर्शनकारियों को एक तरफ धकियाते दिखे। उनका कहना रहा कि इस तरह से धक्का-मुक्की और हल्ला नहीं किया जाता। ज्ञापन दे चुके हैं तो अब रास्ता छोड़िए। राज्यमंत्री ने कहा कि तेज आवाज में बात करने व हल्ला करने से क्या होगा। मैं भी आपसे बात करना चाहता हूं, कार्यक्रम निपट जाए इसके बाद। इस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि हम बाहर ही खड़े हैं सर। इसके बाद राज्यमंत्री शिविर स्थल में प्रवेश कर गए।

### मुस्कुराहट भरे सुझाव को अनसुना किया

प्रस्थान के समय तो स्थिति और गंभीर दिखी। शिविर स्थल के द्वार से बाहर निकलते ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वापस घेराव किया। जिला कलक्टर अल्पा चौधरी खुद राज्यमंत्री के साथ खड़ी रहीं और वे मुस्कुराते हुए राज्यमंत्री को सुझाव भी देतीं नजर आईं कि एक बार मोर्चरी की ओर देख लें। लेकिन, राज्यमंत्री ने अनसुना कर दिया।

## अजमेर वित्तीय समावेशन योजनाओं के संबंधित अभियान के शिविर होंगे आयोजित

**बढ़ता राजस्थान, अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिले में वित्तीय समावेशन से संबंधित योजनाओं से संबंधित अभियान आगामी 30 सितम्बर तक संचालित होंगे। इसमें ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित कर जन-धन खातों, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से लाभांवित किया जाएगा। अग्रणी जिला प्रबंधक श्री संजय कुमार सिंह ने बताया कि शिविरों में प्रधानमंत्री जन-धन योजना के पुराने खातों की केवाईसी करने के साथ ही नए जन-धन खाते हाल ही में व्यस्क हुए व्यक्तियों के खोले जाएंगे। शुक्रवार, 19 सितम्बर को पीसांगन की पिचोलिया, श्रीनगर की न्यारा, केकड़ी की मेहरू कलां, सावर की सदारा में शिविर आयोजित होंगे। इसी प्रकार मंगलवार, 23 सितम्बर को भिनाय की पडांगा, सरवाड़ की खीरिया में शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार 24 सितम्बर को श्रीनगर की राजगढ़, केकड़ी की सलारी, सावर की नयागांव मीणों का, 25 सितम्बर को भिनाय की कुम्हारीया एवं राताकोट, सरवाड़ की शेरगढ़, श्रीनगर की भटियाणी, 26 सितम्बर को अजमेर ग्रामीण की मायापुर, श्रीनगर की सनोद, केकड़ी की मोलकिया, सावर की सलारी, 29 सितम्बर को भिनाय की रामालिया, सरवाड़ की सदापुरा में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

## मोदी के जन्मदिन पर 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में हिंडौन सिटी स्थित राजकीय जिला अस्पताल में बुधवार को 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में महिलाओं के स्वास्थ्य को केंद्र में रखते हुए टीकाकरण, विभिन्न जांचें और उपचार सेवाएं प्रदान की गईं।

शिविर में एनसीडी स्क्रीनिंग, कैंसर और टीबी की जांच के साथ ही नेत्र परीक्षण, नाक-कान-गला, स्त्री रोग, प्रसूति रोग और चेस्ट फिजिशियन की परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। आयुर्वेद विभाग के चिकित्सक और स्टाफ भी शिविर में मौजूद रहे। मेगा शिविर का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी शहर अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी और अन्य पदाधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। शिविर में 100 से अधिक रोगियों का पंजीकरण किया गया, जिन्होंने विभिन्न चिकित्सकों से अपनी स्वास्थ्य जांच कराई।



प्रमुख चिकित्सा अधिकारी पुष्पेंद्र गुप्ता ने बताया कि यह शिविर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' कार्यक्रम का हिस्सा है। इसी कार्यक्रम के तहत 20 सितंबर को जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का भी आयोजन प्रस्तावित है। इस अवसर पर अंकुश अग्रवाल, सतीश चंद शुक्ला, रेखा गोयल, हेमराज सैनी, एस.पी. सोलंकी, देवेंद्र गुप्ता, स्टोर कीपर उपेंद्र गुप्ता, एनसीडी क्लीनिक से राजीव उपाध्याय, रत्नेश मीना और पूजा सिंघल सहित कई चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## पावटा-प्रागपुरा नगरपालिका में शहरी सेवा शिविर का शुभारंभ, लाभार्थियों को वितरित हुए चेक

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा में शुक्रवार को शहरी सेवा शिविर का शुभारंभ हुआ, जिसमें कुलदीप धनकड़ विधायक, विराटनगर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शिविर का उद्देश्य आमजन को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना और उनकी समस्याओं का मौके पर ही समाधान करना है।

विधायक धनकड़ ने शिविर का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर का लाभ अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने आमजन के हितों को ध्यान में रखते हुए अनेक योजनाएं शुरू की हैं, जिनका लाभ अब इन शिविरों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने शिविर में लगी विभिन्न विभागों की स्टॉल्स — रोशनी शाखा, नल एवं बिजली एनओसी शाखा, भूमि शाखा, चिकित्सा शाखा, जन्म-मृत्यु एवं




विवाह प्रमाण पत्र शाखा, मुख्यमंत्री रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0, ग्रामीण आवास योजना और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का अवलोकन कर अधिकारियों से कार्यप्रणाली की जानकारी ली। इस दौरान विधायक धनकड़ ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को चेक वितरित किए। चेक प्राप्त कर लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने कहा कि शहरी सेवा शिविरों का मुख्य उद्देश्य अंतिम छोर तक बैठे जरूरतमंद व्यक्ति को सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम में पावटा उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय, नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी फत्तेह सिंह मीणा, कनिष्ठ अभियंता अनिल जोनवाल, कृष्णा गुर्जर, प्रकाश पारीक समेत विभिन्न विभागों के कर्मचारी एवं शहरी क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अजमेर जिले के भिनाय उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत सोबड़ी और धांतोल में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिले के भिनाय स्थानीय उपखंड क्षेत्र में आज दिनांक 18.09.2025 बुधवार को ग्राम पंचायत सोबडी और धांतोल में ग्रामीण सेवा शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान शिविर प्रभारी जीतू कुलहरी ने बताया कि शिविर में राजस्व विभाग द्वारा लम्बित फार्मर रजिस्ट्री के 101 प्रकरण, धारा 136 के तहत शुद्धीकरण के 32 प्रकरण, आपसी सहमति से बटवारां के 04 प्रकरण, नामान्तकरण के 20 प्रकरण सहित राजस्व विभाग के विभिन्न प्रकरणों का निस्तारण किया गया। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग द्वारा स्वामित्व योजना के तहत 28 पट्टे वितरित किये गये, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत 04 स्वीकृतियां जारी की गई। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा 08 निक्षय पोषण किट का वितरण किया गया, टी.बी. मुक्त भारत अभियान के तहत 06 निक्षय मित्र बनाये गये । पशुपालन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के तहत 03 पशुओं का बीमा किया गया। उर्जा विभाग द्वारा 35 विद्युत समस्याओं का निपटारा किया गया। कृषि विभाग द्वारा 45 बीज मिनी किट वितरण, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की 50 पॉलीसी वितरित की गई। आयोजना विभाग द्वारा जनधन योजना के निष्क्रिय खातों का पुनः सत्यापन किया गया। खाद्य विभाग द्वारा एन.एफ.एस.ए के लम्बित प्रकरणों का निस्तारण किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में 13 प्रकरणों का एवं पालनहार योजना में 23 पालनहार नवीनीकरण प्रकरणों का निस्तारण किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 04 लाभार्थियों को लाभ प्रदान किया गया। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा शिविर में प्राप्त प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इस दौरान शिविर में शिविर प्रभारी जीतू कुलहरी उपखण्ड अधिकारी भिनाय, पंचायत समिति प्रधान श्री सम्पतराज लोढा, सहायक शिविर प्रभारी सोबडी - अर्जुन सिंह शेखावत,सहायक शिविर प्रभारी धांतोल व तहसीलदार नीलम राठौड़, अतिरिक्त विकास अधिकारी बुद्ध राज प्रजापति,नायब तहसीलदार संजय सारस्वत व प्रकाश बोयत, चिकित्सा अधिकारी रमेश शर्मा, सहायक प्रोग्रामर नरेन्द्र सिंह गौड़ सहित शिक्षा, राजस्व, पंचायत राज,कृषि,रसद,आदि विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारीगण व कर्मचारीगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## महिला मंडल स्कूल के हॉस्टल में क्रॉकरी भेंट



**बढ़ता राजस्थान, उदयपुर (नि.स.)।** रोटरी क्लब ऑफ उदयपुर अचीवर्स की ओर से आज मुखर्जी चैक स्थित महिला मंडल स्कूल एवं होस्टल में एक सराहनीय पहल के तहत वहां बालिकाओं के लिये क्रॉकरी का वितरण किया गया। क्लब अध्यक्ष हिमांशु कौशल ने बताया कि क्लब संरक्षक रोटे. मधु सरीन के नेतृत्व में लता कर्णावट के सहयोग से 150 फुल प्लेट,50 क्वार्टर प्लेट, 30 सूप बाउल एवं 50 ऑप लाइनर प्रदान किये गये। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष हिमांशु कौशल, सचिव प्रमिला बहल, पूर्व अध्यक्ष डॉ. जितेंद्र बहल, अनुराधा बहल, चार्टर अध्यक्ष पंकज शर्मा, चार्टर सचिव अलकेश, डॉ. ज्योत्सना एवं डॉ. लोम का सहयोग रहा और कार्यक्रम के संयोजन खुशबू कौशल ने किया। कार्यक्रम में सभी क्लब सदस्यों ने वहां मौजूद आदिवासी लड़कियों से बातचीत की एवं गृह विज्ञान की प्रयोगशाला ने सन्दर्भ में जानकारी प्राप्त की। अध्यक्ष हिमांशु कौशल ने कहा कि रोटरी क्लब अचीवर्स द्वारा भविष्य में और भी प्रभावशाली कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है। सचिव प्रमिला बहल ने कहा कि हमारा प्रयास है कि समाज के हर वर्ग तक शिक्षा पहुंचे।

## मातृशक्ति ने दिखाया धरना प्रदर्शन में आक्रोश प्रशासन रहा मुस्तैद

# कपासन में युवक पर हुवे जानलेवा हमले में पुनः 24 घंटे के आश्वासन पर ठहरा विरोध प्रदर्शन





बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** नगर की ज्वलंत पेयजल समस्या संबंधी सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले युवक पर हुवे जानलेवा हमले के विरोध में 24 घंटे का अल्टीमेटम समाप्त होने पर गुरुवार को नगर के मुख्य केंद्र पांच बत्ती चौराहे पर सैकड़ों महिला,पुरुषों एवं युवा वर्ग के साथ माली समाज द्वारा धरना प्रदर्शन कर घायल युवक सूरज माली की आर्थिक सहायता एवं अपराधियों की अविलंब धरपकड़ कर सख्त सजा दिए जाने की मांग की गयी।

उक्त घटनाक्रम में सूरज माली के दोनों पैरों पर हमलावरों द्वारा हमला किए जाने से सूरज माली के दोनों पैर गंभीर घायल एवं उपचाररत है।जिससे नगर के आम युवक सूरज माली को सभी मोर्चे से पूर्ण सहयोग की महत्ती आवश्यकता है।जिसके तहत आमजन द्वारा हर तरीके से नगर कपासन के युवक सुरज माली को सहयोग प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं।यहां धरना प्रदर्शन में मातृशक्ति द्वारा उक्त घटना एवं अल्टीमेटम अवधि समाप्त होने पर आंदोलन तीव्र करने की दिशा में आक्रोश दिखाया तो प्रशासन की मशक्कत से मामला शांत हुआ।

इस दौरान कानून एवं शांति व्यवस्था को लेकर क्षेत्रीय एवं जिला स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों सहित पर्याप्त पुलिस जाप्ता मुस्तैदी के साथ तैनात रहा। गौरतलब है कि गुरुवार को नगर के मुख्य केंद्र पांच बत्ती चौराहे पर आयोजित धरना प्रदर्शन में शामिल घायल युवक सूरज की माताजी का अचानक धरना प्रदर्शन स्थल पर स्वास्थ्य बिगड़ जाने से अफरातफरी का माहौल हो गया तथा आनन फानन में उपजिला चिकित्सालय कपासन पर उपचार हेतु ले जाया गया।जहां त्वरित उपचार बाद स्वास्थ्य में सुधार हुआ।

बहरहाल गुरुवार को हुवे तीव्र विरोध प्रदर्शन के बाद पुनः 24 घंटे में कार्यवाही कर अपराधियों की धरपकड़ करने सहित घायल युवक सूरज माली को सहायता मुहैया नहीं होने की दिशा में एक बार फिर से 24 घंटे बाद आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी और संघर्ष को तेज किया जायेगा।

## नेटबॉल जिला स्तरीय प्रतियोगिता में पीएम श्री छावनी की छात्राओं का शानदार प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** ब्यावर पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, छावनी रोड, ब्यावर की छात्राओं ने नेटबॉल जिला स्तरीय प्रतियोगिता (17 व 19 वर्ष वर्ग) में प्रथम स्थान प्राप्त कर इतिहास रचा। इसके साथ ही कबड्डी (19 वर्ष वर्ग) में तृतीय स्थान तथा भारोत्तोलन में छात्रा वैष्णवी ग्वाला ने द्वितीय स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया प्रधानाचार्य डॉ. सीमा कृपलानी ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और संघर्ष की भावना विकसित करते हैं। उन्होंने छात्राओं को राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय व जिले का गौरव बढ़ाने का आह्वान किया।

## नगर पालिका कपासन क्षैत्र में विशेष सफाई अभियान का संचालन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार शहरी सेवा शिविर कैंप के नोडल अधिकारी ललित सिंह देथा के निर्देशन में स्वच्छता की सेवा के तहत नगर पालिका कपासन क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है।जिसके अंतर्गत गुरुवार को देवली मंगरी नपा वार्ड नं. 1 एवं 2 में रैगर मोहल्ला सहित के उदयपुर रोड़,नगर पालिका के बाहर बस स्टैंड,पांच बत्ती चौराहा,रमेश,बापू नगर विशेष सफाई अभियान संचालित किया गया।साथ ही डीडीटी पाउडर का छिडक़ाव किया गया। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष एजाज अली, कनिष्ठ अभियंता खेमराज सिंह,स्वास्थ्य निरीक्षक रेखा देवी कोदली,जमादार मुकेश,विजय,विशाल आदि नगर पालिका कार्मिक उपस्थित रहे।

## हल्की बूंदाबांदी से आमजन को उमस एवं गर्मी से मिली राहत



बढ़ता राजस्थान

**कपासन (सुनील कुमार डभाड़ीया)।** क्षेत्र में गुरुवार को दिनभर भारी उमस एवं गर्मी के बाद अचानक मौसम हुवे परिवर्तन से मौसम खुशनुमा होने आमजन को गर्मी से राहत मिली। जानकारी अनुसार कपासन क्षेत्र में जारी भारी उमस एवं गर्मी के बीच अचानक गुरुवार सांयकाल ठंडी हवाओं के साथ बारिश की हल्की बूंदाबांदी ने आमजन को उमस एवं गर्मी से राहत देने का काम किया। साथ ही मौसम के अचानक करवट लेने से यहां नगर के प्रमुख बाजारों में खरीददारी हेतु आगंतुक ग्रामीणजन को आनन-फानन में अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करना पड़ा। यहां मौसम में ठंडक घुलने से हुवे खुशनुमा माहौल ने आमजन को राहत प्रदान करने का काम किया गया।

## शैक्षिक अधिवेशन पर हुई बैठक में कई विषयों पर की चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा नैनवां की बैठक बालिका सीनियर विद्यालय नैनवां मे आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता उपशाखा अध्यक्ष पंकज जैन ने की। मंत्री देवराज गुर्जर ने बताया कि 26 व 27 सितम्बर को आयोजित होने वाले जिला स्तरीय शैक्षिक अधिवेशन को लेकर बैठक में विचार विमर्श हुआ। जिसमें अधिवेशन को सफल बनाने के लिए राशि एकत्रित करने की कार्य योजना तैयार की।साथ ही पोषाहार बनाने में दो दो सब्जियां बनाने के आदेश को प्रत्याहारित करने सहित पत्राचार से बीएड करने वाले शिक्षकों के इंटरर्नशिप में वेतन कटौती के आदेश को प्रत्याहारित करवाने आदि समस्याओ संबंधी चर्चा हुई। नवनियुक्त शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान भी किया गया। नैनवा कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए प्रधानाचार्य प्रतिनिधि विभा गौतम,महिला उपाध्यक्ष श्रद्धांजलि शर्मा,महिला शिक्षक प्रतिनिधि सीमा मीणा,प्रबोधक प्रतिनिधि रामपाल मीणा,मिडिया प्रभारी शान मीणा,प्रयोगशाला सहायक प्रतिनिधि सुनील प्रजापत,कंप्यूटर शिक्षक प्रतिनिधि अक्षय जैन,सेवानिर्वत प्रतिनिधि भवानी सिंह सोलंकी मनोनीत किये गए। बैठक के दौरान जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुगनचंद मीणा,जिला उप सभाअध्यक्ष ज्ञानचंद जैन,जिला उपाध्यक्ष राधेश्याम मीणा,नैनवा सभाअध्यक्ष कन्हैया लाल चैपदार,कोषांध्यक्ष धोलूलाल मीणा,उपाध्यक्ष कालूलाल गुर्जर,वरिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश मीणा,व्याख्याता प्रतिनिधि रविप्रकाश पालीवाल,वरिष्ठ कार्यकर्ता राजाराम मीणा,पंचायत शिक्षक प्रतिनिधि बंशीलाल कहार,अरविन्द शर्मा,नाथूलाल बैरवा,बंटी मीणा,महावीर पोटर,रामवतार गुर्जर,कृष्ण गोपाल नोगिया,महेंद्र शर्मा,अरविन्द वर्मा, अमित शर्मा आदि पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

## ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सेवा शिविर आज

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौडग़ढ़, (नि.स.)।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार 19 सितंबर से गांव चलो अभियान के अंतर्गत जिले में ग्रामीण सेवा शिविरों का व्यापक आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ मौके पर ही, त्वरित एवं पारदर्शी रूप से उपलब्ध कराना है। यह जानकारी प्रभारी अधिकारी राजस्व एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक ने दी।

## भीलवाड़ा में हॉकी प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ, खिलाड़ियों को मिली प्रोत्साहन स्वरूप टीशर्ट



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** राजकीय सीनियर माध्यमिक विद्यालय प्रताप नगर के खेल प्रांगण में हॉकी के लिए ग्रास रूट योजनांतर्गत प्रशिक्षण केंद्र का समारोहपूर्वक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के सूत्रधार शिक्षाविद विवेक निमावत ने बताया कि शहर में ऐसे 10 प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जिनमें 3 से 13 वर्ष आयु वर्ग के बालकों को विभिन्न खेलों का नियमित प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कार्यक्रम में समाजसेवी अजीत जैन ने बाल खिलाडियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलों से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास होता है तथा उनमें अनुशासन और आत्मविश्वास की भावना विकसित होती है। इस मौके पर विधायक कार्यालय प्रभारी बाबू लाल टाक ने विधायक अशोक कोठारी का संदेश पढ़ते हुए कहा कि बच्चों को मोबाइल, टीवी और इंटरनेट के बढ़ते खतरों से बचाने में खेल ही सबसे कारगर माध्यम हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में देश के लिए खेलने का सपना देखने वाले और कड़ी मेहनत करने वाले प्रतिभाशाली खिलाडियों को विधायक कोटे से 50 प्रतिशत राशि अनुदान पर सभी आवश्यक खेल सामग्री उपलब्ध करवाई जाएगी।

# भजन संध्या में बही भक्तिरस की सरिता, सांवरा के भजनो पर झूम उठे श्रोता

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां,(टी.आर सैनी)।** मेरी गाड़ी मेरा बंगला मेरा पैसा सब तेरा,सब कुछ तेरा सरकार,मेरा तो कुछ भी नहीं,सेठा रा सेठ मारा सांवरिया,मारा सांवरिया सीर मौर,बिराजे नन्द किशोर,टूटी झोपडिया रो महल बनाओ प्रसिद्व भजन गायक गोकुल शर्मा की भावपूर्ण आवाज व गहरे भक्ती भाव श्रद्वालुओ के दिलो को छू गया।

दर्शकदीर्घा में श्रोतागण खड़े होकर सांवरिया सेठ के जयकारो के साथ झूम उठे,मौका था बुधवार रात्रि को नैनवां दहेलवाल महाराज मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में आयोजित भजन संध्या का। प्रसिद्व भजन गायक गोकुल शर्मा सहित टीम ने अपनी अंदाज में गणेश वंदना के साथ भजन संध्या की शुरूआत की गई।इसके बाद जोगणिया,चैथमाता,बिजासन को नमन किया। फिर सांवरिया सेठ के प्राकट्य की दांस्तान भजन के माध्यम से सुनाई। इसके बाद श्रोताओ के मुड को देखते हुए थारे भरोसे मारा सांवरा,जिलो मठ चितौड़ सांवरा, सांवरिया बड़ी दूर सु आयो, सांवरा किस्मत खोल दे,भैरूजी ना ना रे बाजे घुघरा,तारे लागे झालर की झंनकार,मतवालो खेले डूंगरा जैसे भजनो की सरिता में श्रोतागण झूम उठे। युवा,महिलाए एंव पुरूष अपने स्थान पर खड़े होकर नृत्य करने लग गये। भजन गायक गोकुल शर्मा को भी कई बार श्रोताओ को अपने स्थान पर बैठने का अनुरोध करना पड़ा। श्रोताओ की भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस के जवानो को भी काफी मेहनत करनी पड़ी। श्रोताओ एंव भजन गायक के बीच दूरी अधिक होने से तारतम्य बैठाने में काफी परेशानी हुई। लोगो ने बताया कि पालिका की ओर से भजन गायक के लिए रैंप बनाया जाता तो लोगो को खड़े होना नहीं पड़ता।

सतरंगी अतिबाजी एंव पुष्प वर्षा से किया स्वागत- भजन संध्या में जैसे ही प्रसिद्व भजन गायक गोकुल शर्मा ने सुभाष रंगमंच पर प्रवेश किया तो पालिका मण्डल नैनवां की ओर से सतरंगी अतिशबाजी एंव पुष्प वर्षा करके भजन गायक गोकुल शर्मा एंव टीम का भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष रामेश्वर मीणा,अध्यक्षता जिला परिषद सदस्य शक्ति सिंह आशावत, विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा नेता सुरेन्द्र नागर, अनिल रंगीला,राधाकृष्ण सैनी,पुखराज ओसवाल, गिरिराज शर्मा, मुकेश जिंदल, जयसिंह आशावत रहे। पालिका चैयरमैन श्रीमती सरिता नागर सहित पार्षदो ने अतिथियो का स्वागत करके स्मृति चिन्ह भेट किया।

स्टार नाईट आज- दहेलवाल महाराज मेले में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में 19 सितम्बर शुक्रवार को स्टार नाईट कार्यक्रम का आयोजन होगा।

## ग्रामीण सेवा शिविर में 80 वर्षीय एजी देवी को मिला 10 योजनाओं का लाभ

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** पंचायत समिति बदनोर की ग्राम पंचायत भोजपुरा में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर में 80 वर्षीय एजी देवी की जिंदगी में नई रोशनी लौटी। वर्षों से राशन व अन्य सुविधाओं से वंचित रही इस वयोवृद्ध विधवा महिला का केवाईसी पूर्ण कर तुरंत उनका राशन कार्ड सक्रिय कराया गया शिविर के निरीक्षण के दौरान जिला नोडल अधिकारी डॉ. गोपाल लाल मीना को एजी देवी की व्यथा सुनकर भावुकता छा गई। मौके पर जिला रसद अधिकारी अब्दुल सादिक ने ऑनलाइन स्थिति सुधारकर राशन बहाल किया। साथ ही शिविर में ही बैंक, बीमा, गैस, नरेगा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, व्यक्तिगत शौचालय व मंगला पशु बीमा सहित 10 योजनाओं का लाभ दिलाया गया इस पहल से एजी देवी की वर्षों की पीड़ा समाप्त हुई और उनके चेहरे पर मुस्कान लौट आई। उन्होंने मुख्यमंत्री, जिला प्रशासन और शिविर अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### अशोक कोठारी ने सरकार को लिखा पत्र

# विस्थापितों को मुआवजा और सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** शहर और उसके आसपास की सरकारी जमीनों पर बढ़ते अतिक्रमण तथा विस्थापितों को अब तक मुआवजा न मिलने के मामलों को लेकर अशोक कोठारी (विधायक, भीलवाड़ा) ने सरकार को पत्र लिखकर इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित कराया है। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा में सभी रिक्त पड़ी सरकारी भूमि को तत्काल चिह्नित कर सुरक्षित किया जाए और विस्थापितों को तय समय सीमा में भूमि या मुआवजा उपलब्ध कराया जाए।

कोठारी ने अपने पत्र में कहा कि भीलवाड़ा एक प्रमुख औद्योगिक शहर है, जहां दिन-प्रतिदिन भूमि की कीमतें बढ़ रही हैं। नगर निगम और नगर विकास न्यास क्षेत्राधिकार में आने वाली राजकीय भूमि को चिह्नित और सुरक्षित न किए जाने के कारण स्वार्थी तत्व इन पर कब्जा कर रहे हैं। इसके चलते स्थानीय निकायों को अतिक्रमण हटाने में अतिरिक्त संसाधन और श्रम लगाना पड़ रहा है, साथ ही कई बार कानून-व्यवस्था की स्थिति भी बिगड़ जाती है। उन्होंने कहा कि कई अतिक्रमणकारी कोर्ट का सहारा लेकर मामलों को अनावश्यक रूप से लंबा खींचते हैं, जिससे वैध लाभार्थी प्रभावित हो रहे हैं।

कोठारी ने अपने पत्र में उल्लेख किया कि वर्ष 2012 में चित्तौड़ रोड स्थित पुराने प्राइवेट बस स्टैंड को चौड़ा करते समय दो पक्षकारों को छोडक़र बाकी को दुकानें आवंटित की गई थीं। इसी प्रकार अंबेडकर कॉलोनी में रहने वाले अनुसूचित जाति के परिवारों को सडक़ चौड़ीकरण के लिए उसी वर्ष सांवरिया बस्ती में विस्थापित तो कर दिया गया, लेकिन आज तक उन्हें आवासीय पट्टे जारी नहीं किए गए। इस कारण ये परिवार आज भी सरकारी योजनाओं से वंचित हैं।

कोठारी ने सरकार से आग्रह किया है कि शहर की समस्त सरकारी भूमियों को चिह्नित कर उनकी चारदीवारी या तारबंदी कराई जाए और उन सभी मामलों की जांच की जाए, जहां लंबे समय से विस्थापितों को मुआवजा या भूमि नहीं मिली है। उन्होंने सुझाव दिया कि मुआवजा और विस्थापन की प्रक्रिया के लिए निश्चित समय सीमा तय की जाए, ताकि पीडित़ पक्षकारों को शीघ्र न्याय मिल सके।

## एस.डी. कॉलेज ब्यावर में छात्रवृत्ति योजनाओं पर जागरूकता व्याख्यान आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** एस.डी. राजकीय महाविद्यालय में राजस्थान राज्य महिला नीति 2021 एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आई.क्यू.ए.सी.) के संयुक्त तत्वावधान में "स्कोलरशिप फोर गर्ल्स इन हाईयर एज्यूकेशन" विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रेखा मंडोवरा ने की।डॉ. मंडोवरा ने कहा कि छात्रवृत्ति योजनाओं की जानकारी छात्राओं तक पहुँचना अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि जानकारी के अभाव में कई योग्य छात्राएँ इनसे वंचित रह जाती हैं। मुख्य वक्ता के रूप में व्यावसायिक प्रशासन विभाग की पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. सुलक्ष्मी तोषनीवाल ने छात्राओं को कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना, देवनारायण स्कूटी योजना और मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति जैसी प्रमुख योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि ये योजनाएँ आर्थिक रूप से कमजोर छात्राओं के लिए सहारा बनकर उन्हें उच्च शिक्षा में प्रोत्साहित करती हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में मार्ग प्रशस्त करती हैं।व्याख्यान के समापन पर डॉ. अंजली जयपाल ने मुख्य वक्ता को पौधा भेंट कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

मंच संचालन डॉ. निशा बंसल ने किया। कार्यक्रम में प्रो. शैलजारानी अग्निहोत्री, प्रो. संध्या जयपाल, प्रो. पूजा देवन्दा, प्रो. आशा मीणा सहित महाविद्यालय की फैकल्टी एवं छात्राएँ उपस्थित रही।

# जिला व्यापार महासंघ ने निर्मला सीतारमण को लिखा पत्र

बढ़ता राजस्थान,

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** जिला व्यापार महासंघ ने देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को पत्र लिखकर फर्मों की टैक्स ऑडिट रिपोर्ट (ञ्ज्रक्र) दाखिल करने की अंतिम तिथि 30 सितंबर से आगे बढ़ाए जाने की मांग की है। जिला प्रवक्ता विपुल शर्मा ने बताया कि जिलाध्यक्ष संजीव गुप्ता और जिला महामंत्री नरेन्द्र गोयल द्वारा भेजे गए पत्र में उल्लेख किया गया कि व्यक्तिगत आयकर रिटर्न दाखिल करने की अंतिम तिथि अभी हाल ही में 15 सितंबर को समाप्त हुई है। व्यक्तिगत रिटर्न का फार्म अगस्त के अंतिम सप्ताह में जारी हुआ था, जिससे चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (ष्ट्र) और अकाउंटेंट्स पूरी तरह इन्हीं रिटर्न में व्यस्त रहे। इस कारण अब तक अधिकांश फर्मों की टैक्स ऑडिट नहीं हो पाई है। व्यापार महासंघ ने कहा कि पोर्टल की धीमी गति, त्यौहारी सीजन (रामनवमी, नवरात्रि आदि), कई सरकारी अवकाश तथा हालिया बाढ़ से दस्तावेज़ जुटाने में आ रही कठिनाइयों को देखते हुए मौजूदा 15 दिन की अवधि में टी.ए.आर. दाखिल करना संभव नहीं है।

# अग्रवाल फाउंडेशन हेल्प सोसाइटी बाड़ी द्वारा रक्तदान शिविर में नेत्रदान का भी लिया जाएगा संकल्प



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** अग्रवाल फाउंडेशन हेल्प सोसाइटी बाड़ी द्वारा इस वर्ष अग्रसेन जयंती महोत्सव 2025 के अवसर पर रक्तदान शिविर के साथ-साथ 'नेत्रदान जीवनदान' का संदेश भी दिया जाएगा। संस्था द्वारा सर्वसमाज के 50 वर्ष से अधिक आयु के पुरुष और महिलाओं से मौके पर ही नेत्रदान संकल्प पत्र भरवाए जाएंगे। इसके लिए संकल्प पत्र भरने वालों को अपना आधार कार्ड की प्रति साथ लानी होगी। संस्था ने इसके लिए राजकीय एसएन मेडिकल कॉलेज, आगरा की आई बैंक से संपर्क किया है। आई बैंक प्रभारी डॉ. शैफाली ने बताया कि नेत्रदान संकल्प पत्र भरने वाले व्यक्ति के परिजनों को भी इस निर्णय की जानकारी होनी चाहिए, ताकि व्यक्ति की मृत्यु के बाद समय पर आई बैंक को सूचित किया जा सके। उन्होंने बताया कि नेत्रदान में केवल आंख की कॉर्निया का ही उपयोग होता है, जिसे मृत्यु के बाद 6 घंटे के भीतर निकाला जाना आवश्यक होता है। समय पर सूचना न मिलने पर नेत्रदान संभव नहीं हो पाता। संस्था अध्यक्ष दिलीप मंगल ने बताया कि संस्था द्वारा प्रतिवर्ष अग्रसेन जयंती के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है। इस वर्ष रक्तदान के साथ नेत्रदान का भी संकल्प लिया जाएगा। संस्था के संरक्षक रामनिवास अग्रवंशी और संस्थापक रोहित मंगल ने सर्वसमाज से 50 वर्ष से अधिक आयु के पुरुषों व महिलाओं को मानवता के हित में नेत्रदान संकल्प पत्र भरने की अपील की है। संस्था सचिव सागर बंसल ने बताया कि नेत्रदान संकल्प लेने वाले व्यक्तियों को संस्था द्वारा मंच से सम्मानित भी किया जाएगा। यह रक्तदान शिविर 21 सितंबर को बाड़ी स्थित सत्यनारायण धर्मशाला में आयोजित होगा।

# सडक़ पर गड्ढे से बचने के प्रयास में बाइक फिसली, चाचा-भतीजे सहित तीन घायल-भतीजे की हालत गंभीर



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** उपखंड क्षेत्र की धीमरी-बसेड़ी सडक़ पर एक बड़े गड्ढे को बचाने के दौरान बाइक फिसलने से गंभीर सडक़ हादसा हो गया। हादसे में चाचा-भतीजे समेत तीन लोग घायल हो गए, जिनमें भतीजे की हालत नाजुक बताई जा रही है। उसे प्राथमिक उपचार के बाद धौलपुर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, धीमरी गांव निवासी 19 वर्षीय वकील पुत्र कुमर सिंह गुर्जर अपने चाचा राजू और ताऊ के बेटे रमेश के साथ किसी काम से बाइक पर सवार होकर बाड़ी आ रहा था। धीमरी रोड पर बने एक गहरे गड्ढे को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई और तीनों सडक़ पर जा गिरे। हादसे में राजू और रमेश को मामूली चोटें आईं, जबकि बाइक चला रहा वकील गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और सभी को बाड़ी अस्पताल लाया गया।

# प्रधुम्न सिंह उर्फ कप्तान बाबू के जन्मदिवस पर पुत्र रोहित वौहरा ने किया रक्तदान



बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर/राजाखेड़ा (राजू शर्मा)।** पूर्व वित्त मंत्री एवं राजस्थान सरकार के वित्त आयोग अध्यक्ष रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रधुम्न सिंह उर्फ कप्तान बाबू के जन्मदिवस पर उनके पुत्र एवं राजाखेड़ा विधायक रोहित वौहरा ने रक्तदान कर दिन को सेवा और समर्पण को समर्पित किया।

## शहर चलो अभियान - शहरी सेवा शिविर 2025 का रूपबास में आगाज़

# शहरी क्षेत्र के नागरिकों को एक ही स्थान पर मिलेंगी सभी सेवाएं

बढ़ता राजस्थान

**रूपबास/भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** राजस्थान सरकार के नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन विभाग द्वारा प्रदेशभर में एक नई ऊर्जा और कार्यकुशलता के साथ शहर चलो अभियान - शहरी सेवा शिविर 2025 का शुभारंभ किया गया है। इसी क्रम में नगर पालिका रूपबास में भी 17 सितंबर से इस अभियान की शुरुआत भरतपुर मार्ग स्थित अम्बेडकर पार्क में की गई।

कार्यक्रम का उद्‌घाटन गरिमामय वातावरण में हुआ। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी योगेश पिप्पल समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी व बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।



## 17 अक्टूबर तक वार्ड स्तर पर मिलेंगी सुविधाएं

अधिशासी अधिकारी योगेश पिप्पल ने बताया कि अभियान का उद्देश्य शहरी क्षेत्र के नागरिकों को सरकारी सेवाएं समयबद्ध, पारदर्शी एवं सरल तरीके से उपलब्ध कराना है। यह शिविर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2025 तक चलेगा, जिसमें हर नागरिक को अपनी जरूरत की सेवाएं वार्ड स्तर पर ही उपलब्ध कराई जाएंगी। शिविर में स्वच्छता व्यवस्था, स्ट्रीट लाइट मरम्मत, टूटे फैरो-कवर, ब्लैक स्पॉट निस्तारण, सार्वजनिक पार्क व शौचालय मरम्मत, शहरी नियोजन व निर्माण अनुमति, भूमि उपयोग परिवर्तन, नामांतरण, भवन निर्माण स्वीकृति, विभिन्न प्रकार के पट्टे, जन्म-मृत्यु-विवाह पंजीकरण, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, फायर एनओसी, ट्रेड लाइसेंस, स्ट्रीट वेंडर रजिस्ट्रेशन, सामाजिक एवं आवासीय योजनाएं, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री शहरी रोजगार योजना, मुख्यमंत्री स्व-निधि योजना, पीएम स्व-निधि योजना आदि सेवाएं एक ही स्थान पर प्रदान की जा रही हैं।शिविर प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि नागरिकों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण सेवा देने के लिए सभी विभागों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए हैं। वार्ड-वार शिविर लगाकर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी नागरिक को इधर-उधर भटकना न पड़े। इन शिविरों के माध्यम से वर्षों से लंबित समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जा रहा है।

## नागरिकों में उत्साह, कहा—अब नहीं काटने होंगे चक्कर

शिविर में पहुंचे नागरिकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अब सरकारी कार्यों के लिए महीनों चक्कर लगाने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी। शहर चलो अभियान केवल एक प्रशासनिक कवायद नहीं, बल्कि शासन को लोगों के द्वार तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनता जा रहा है। नगर पालिका रूपबास में यह अभियान गति, पारदर्शिता और जन-जागरूकता के साथ आगे बढ़ रहा है और उम्मीद की जा रही है कि यह शिविर आमजन के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएंगे।

इस अवसर पर राजवीर सिंह, महेंद्र गुर्जर, सोनू बंसीवाल, राहुल चौधरी, पासो, विजेन्द्र सिंह, गजेंद्र सिंह सोलंकी, युवराज तोमर, आजाद सिंह, रोहित, हितेश मित्तल, भगवान सिंह, भट्टों, घनश्याम सहित सभी विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 'उमंग' पहल के तहत 864 विद्यार्थियों की वन-टू-वन काउंसलिंग-रचा इतिहास

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (नि.स.)।** जिला प्रशासन एवं रिमार्केबल एजुकेशन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित 'उमंग' पहल ने शिक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए एक ही दिन में 864 विद्यार्थियों की वन-टू-वन करियर काउंसलिंग और 2244 विद्यार्थियों के साइकॉमेट्रिक टेस्ट आयोजित कर इतिहास रच दिया। यह उपलब्धि एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज की गई है। इस आयोजन का नेतृत्व जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा ने किया।

रिमार्केबल एजुकेशन की फाउंडर एवं सीईओ डॉ. प्राची गौड़ ने बताया कि टेस्ट के परिणामों के आधार पर प्रत्येक बच्चे की व्यक्तिगत काउंसलिंग की गई। इसमें विद्यार्थियों की रुचि, एप्टीट्यूड, क्षमताओं व कमियों पर चर्चा कर उन्हें सही करियर चुनने के लिए स्पष्ट मार्गदर्शन दिया गया।



## बढ़ा आत्मबल, मिला आत्मविश्वास

काउंसलिंग सत्र बालकृष्ण विद्या भवन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किए गए, जहां संस्था की 40 सदस्यीय टीम ने सुबह 7 से शाम 4 बजे तक विद्यार्थियों की काउंसलिंग की। विद्यार्थियों ने कहा कि इस कार्यक्रम से उन्हें अपनी 14 विभिन्न क्षमताओं और दक्षताओं की जानकारी मिली, जिससे उनका आत्मबल व आत्मविश्वास बढ़ा है। विद्यार्थियों ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि अब वे यह समझ गए हैं कि सही दिशा में की गई मेहनत से सपनों को हासिल किया जा सकता है।

## जिला कलक्टर ने दी बधाई

रिकॉर्ड दर्ज होने के बाद रिमार्केबल टीम ने जिला कलक्टर अरुण कुमार हसीजा से भेंट की। उन्होंने इस उपलब्धि पर संस्था और शिक्षा विभाग को बधाई देते हुए कहा कि राजसमंद ने पूरे देश के लिए प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा, सही दिशा में लिया गया निर्णय जीवन को बदलने की शक्ति रखता है। यह उपलब्धि मात्र आंकड़ों का रिकॉर्ड नहीं, बल्कि शिक्षा को आंदोलन का रूप देने का सशक्त प्रयास है।

# महिमा कुमारी मेवाड़ के प्रयासों से राजस्थान बनाएगा लिथियम के क्षेत्र में नई पहचान



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ के सतत प्रयासों से राजस्थान जल्द ही लिथियम खनन के क्षेत्र में विश्व पटल पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित करने जा रहा है। उनके प्रयासों से नागौर जिले के डेगाना स्थित रेवत हिल क्षेत्र में लिथियम एवं अन्य दुर्लभ खनिजों के वाणिज्यिक खनन का मार्ग प्रशस्त हो रहा है। सांसद मेवाड़ ने हाल ही में राजस्थान सरकार के खान मंत्री का ध्यान रेवत हिल क्षेत्र में वर्तमान में रुके हुए टंगस्टन खनन की स्थिति की ओर आकर्षित किया था। उन्होंने बताया कि भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (त्रस्ढ्ढ) द्वारा किए गए त्र3 और त्र2 चरणों के सर्वे में टंगस्टन के 13.39 मिलियन टन, लिथियम के 6.33 मिलियन टन (ञ्च400 श्चश्चद्व कट-ऑफ), नियोबियम-टैंटलम के 16.42 मिलियन टन तथा टिन के 0.15 मिलियन टन भंडार की पुष्टि हुई है। इस क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता और मात्रा में दुर्लभ खनिज मौजूद हैं।

# खमनोर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, भावी एवं नव मतदाताओं ने ली मतदाता शपथ

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार हसीजा के निर्देशानुसार जिलेभर में मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में राजकीय महाविद्यालय खमनोर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में स्वीप कॉर्डिनेटर हरिओम सिंह चुंडावत ने ङ्क॥र एवं ्यङ्कष्ट ऐप्स की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम पंजीकरण की प्रक्रिया समझाई तथा मतदान की महत्ता बताई। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की असली शक्ति जागरूक मतदाता में निहित है। महेंद्र सिंह झाला ने नव मतदाताओं को चुनाव में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया। रामप्रकाश शर्मा ने प्रश्नोत्तरी के माध्यम से श्वरुष्ट



कॉलेज के विद्यार्थियों को चुनाव संबंधी जानकारी दी, वहीं ललित कुमार ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की जानकारी साझा की। सहायक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एवं तहसीलदार खमनोर नाहर ने विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलवाई और आह्वान किया कि प्रत्येक नागरिक बिना किसी भय, प्रलोभन और दबाव के मतदान में भाग ले। उन्होंने युवाओं से अपने परिवार एवं समाज को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया।

# सरसों का तना गलन (स्क्लेरोटोनिया) से भरतपुर संभाग में हर साल 100 करोड़ से अधिक की हानि

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** सरसों फसल भरतपुर संभाग की जीवन रेखा एवं मुख्य नगदी फसल मानी जाती है, लेकिन पिछले 6-7 वर्षों से इस क्षेत्र में सरसों की फसल पर सरसों का तना गलन (स्क्लेरोटोनिया) रोग का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। इस रोग के कारण औसतन 10-12 प्रतिशत तक उपज में कमी आती है, जिससे क्षेत्र को प्रतिवर्ष 100 करोड़ रुपये से अधिक की हानि हो रही है।

## मिट्टी जनित रोग, समय पर नियंत्रण आवश्यक

कृषि महाविद्यालय भुसावर के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि यह रोग मुख्यतः मिट्टी जनित होता है और खेत में फैलने पर पूरी फसल को प्रभावित कर देता है। इसके प्रभावी नियंत्रण हेतु मित्र फफूंद ञ्जहम्द्बष्द्धशस्रद्गहम्द्वड्ड का प्रयोग कारगर है। यह जैविक (नॉन-केमिकल) उपाय होने के कारण पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित है।



## इस प्रकार करें ट्राइकोडरमा का उपयोग

डॉ. सिंह ने बताया कि किसान 2.5 किलोग्राम ट्राइकोडरमा को 70-80 किलोग्राम गोबर की खाद में भली-भांति मिलाएं। इसे छायादार स्थान पर रखकर पानी से तर करें, गीले टाट से ढक दें और रोजाना पानी छिडक़कर टाट को गीला बनाए रखें। 10-12 दिन में इसमें ट्राइकोडरमा फफूंद की वृद्धि हो जाएगी। इस मिश्रण को सरसों की बुवाई से पूर्व अंतिम जुताई के समय खेत में प्रति हेक्टेयर बिखेरकर मिट्टी में मिला दें। इस तकनीक से खेत की मिट्टी ही उपचारित हो जाती है और रोग का प्रभावी नियंत्रण संभव हो जाता है।

# रेखा यादव ने किया बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह का आकस्मिक निरीक्षण, दी सुधार व प्रेरणा की सीख

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर(राजू शर्मा)।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की सदस्य सचिव एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश रेखा यादव ने मंगलवार को राजकीय बाल संप्रेषण एवं किशोर गृह का आकस्मिक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण अरुण कुमार अग्रवाल (जिला एवं सेशन न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष) के मार्गदर्शन में किया गया।

निरीक्षण के दौरान 11 विधि से संघर्षरत किशोर और 1 देखरेख एवं संरक्षण बालक उपस्थित मिले। सचिव ने बच्चों के अध्ययन, मूलभूत सुविधाओं, शौचालय-स्नानघर की स्वच्छता, भोजन व्यवस्था और स्वास्थ्य सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने एक-एक कर सभी बाल अपचारियों से उनके प्रकरणों व प्रतिदिन की दिनचर्या के बारे में भी पूछा।



बालकों ने बताया कि उनके यहां योग शिक्षक आते हैं और नियमित योगाभ्यास कराया जाता है, जिससे वे मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। सचिव ने नाश्ते व भोजन की गुणवत्ता की भी जानकारी ली। बच्चों ने बताया कि नाश्ते में पोहे व चाय तथा भोजन में आलू-बैंगन की सब्जी व चपाती दी गई थी।

निरीक्षण के दौरान कुछ बालकों ने 11वीं व 12वीं कक्षा की पढ़ाई करने की जानकारी दी। सचिव ने किताबों की उपलब्धता की स्थिति जानी और निर्देश दिए कि जिन बच्चों को किताबों की आवश्यकता हो, उन्हें तत्काल उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने सभी बच्चों से स्वास्थ्य की स्थिति पूछते हुए उन्हें जेल से बाहर जाने के बाद अपराधों से दूर रहकर समाज में बेहतर जीवन जीने के लिए प्रेरित किया।

निरीक्षण के दौरान परिसर की साफ-सफाई, पाकशाला, शौचालय, मच्छरदानी, स्वच्छ बिस्तर और पेयजल की व्यवस्था को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट नीतू सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## बृजराजपुरा स्कूल की प्रिंसिपल को कारण बताओ नोटिस

# मोबाइल पर क्लास में बातें करते मिले शिक्षक, शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने दिए निलंबित करने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने गुरुवार को कोटा संभाग मुख्यालय के शहरी क्षेत्र के स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जहां कई स्कूलों में अव्यवस्थाएं मिली तो वही पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्रीपुरा की व्यवस्था को देखकर मंत्री दिलावर प्रसन्न हो गए और प्रिंसिपल के कार्य की प्रशंसा करते हुए उन्हें उत्तम करार दिया।

वही एक स्कूल में शिक्षक को क्लास के अंदर मोबाइल पर बातें करता देख शिक्षा मंत्री ने मौके पर ही मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती पवित्रा त्रिपाठी को शिक्षक को निलंबित करने के निर्देश दिया। साथ ही अव्यवस्थाओं के शिकार मिले बृजराजपुरा स्कूल के प्रधानाचार्य को भी नोटिस देने के निर्देश दिए। शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर गुरुवार को सुबह 8.00 बजे अचानक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सूरजपोल पहुंचे। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती पवित्रा त्रिपाठी के साथ स्कूल में चल रही कक्षाओं का निरीक्षण किया। शिक्षा मंत्री ने एक एक कक्षा में जाकर बच्चों से बात की और क्लास में पढ़ा रहे शिक्षकों से मोबाइल मांगा। चार शिक्षकों के पास क्लास में मोबाइल मिला। जिसे मंत्री के निर्देश पर विभाग द्वारा जप्त कर लिया गया। स्कूल में सरकारी निर्देशों की अवहेलना करने पर वरिष्ठ अध्यापक सीमा यादव, अध्यापक लेवल -2 ललिता शर्मा, अध्यापक लेवल -1 तथा बेसिक कंप्यूटर अध्यापक रश्मि माथुर को कारण बताओ नोटिस देने के निर्देश दिए है। **पी एम श्री स्कूल को देख कर प्रसन्न नजर आए शिक्षा मंत्री:** सूरजपोल स्कूल का निरीक्षण करने के बाद शिक्षा मंत्री मदन दिलावर पी एम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्रीपुरा पहुंचे। मुख्य चौक में लड़कियां नीचे बैठी हुई थी। तीन महिला पुलिस कांस्टेबल उन्हें कुछ समझा रही थी। मंत्री ने पूछा ये क्या हो रहा है ? प्रशिक्षिका ने बताया कि विद्यालय की लड़कियों को सुरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दिलावर ने पूछा नीचे फर्श क्यों नहीं बिछा रखा है ? जमीन पर क्यों बिठाया ? प्रशिक्षिका ने बताया प्रशिक्षण के दौरान अभ्यास करने पर फर्श पैरों में उलझता है इसलिए फर्श नहीं बिछाते। इसके बाद मंत्री ने पूरे विद्यालय का निरीक्षण किया। पूरा परिसर साफ सुथरा और सुंदर नजर आया। विद्यालय में नवाचार करते हुए गणित की लेबोरेटरी भी बनाई हुई थी, जो बालिकाओं को गणितीय संरचना को अच्छे से समझाने में सहायक थी। मंत्री ने सभी कक्षाओं में जाकर बच्चों से बात की और उनसे जानकारी हासिल की। कोटा जिले के एकमात्र पी एम श्री विद्यालय की व्यवस्थाओं को देखकर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर संतुष्ट नजर आए।



### मोबाइल पर बात करने वाले शिक्षक को किया निलंबित

इसके बाद शिक्षा मंत्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बृजराजपुर, चित्तौड़ा का नोहरा पहुंचे। विद्यालय में पहुंचे तो बच्चे इधर उधर घूमते नजर आए। किसी भी कक्षा में अध्यापक नहीं थे। एक कक्ष में गणित का वरिष्ठ अध्यापक अजय जैन मोबाइल पर बात करने में व्यस्त था जो शिक्षा मंत्री को आता देख भाग गया। शिक्षा मंत्री ने शिक्षक को निलंबित करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय से शिक्षकों के गायब होने, विद्यार्थियों के उचित गणवेश में नहीं होने, अध्यापक कक्षाओं में नहीं होने तथा प्रधानाचार्य के कक्ष में बैठे थे। बच्चों की होमवर्क डायरी तथा टीचर्स डायरी भी शिक्षक दिखा नहीं पाए। शिक्षा मंत्री ने स्कूल में गंदगी सहित तमाम अव्यवस्थाओं के लिए प्रिंसिपल को नोटिस देने के निर्देश दिए।

## शहरी सेवा शिविर बने आमजन के लिए राहत का माध्यम



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की पहल पर प्रदेश भर में चलाए जा रहे शहरी सेवा शिविर, आमजन के लिए राहत प्राप्त करने का माध्यम सिद्ध हो रहे हैं। नगर निगम कोटा उत्तर व दक्षिण द्वारा लगाए जा रहे शिविरों में गुरूवार को एक ओर जहां महिला उद्यमी को स्वरोजगार के लिए 50 हजार का ऋण जारी किया गया, वहीं बेटे की शादी के लिए पैसों की आवश्यकता होने पर मकान को गिरवी रख ऋण लेने के इच्छुक एक व्यक्ति को लोन एनओसी जारी की गई। उत्तर निगम आयुक्त अशोक कुमार त्यागी ने बताया कि शिविर में गुरूवार को सीएम स्वनिधि योजना के दो आवेदनों का निस्तारण किया गया, जबकि पीएम स्वनिधि योजना के 3 और फायर एनओसी के 5 आवेदन प्राप्त हुए। 115 जन्म प्रमाण पत्र, 16 मृत्यु प्रमाण पत्र, 20 विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र, 25 सामाजिक सुरक्षा पेंशन जारी की गईं। शिविर में स्ट्रीट लाइट की मरम्मत की 14 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनको तत्काल सही करवा दिया गया। नगर निगम कोटा दक्षिण के आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा ने बताया कि शिविर में दो नाम हस्तांतरण पत्र तथा एक भवन निर्माण स्वीकृति जारी की गई। सडक़ व नाला मरम्मत के भी एक-एक परिवादों का निस्तारण किया गया। 70 स्ट्रीट लाइट लगाईं गईं। जन्म-मृत्यु के 148 प्रमाण पत्र जारी किए गए।

**लाडपुरा विधायक ने दूसरे दिन भी किया निरीक्षण:** लाडपुरा विधायक कल्पना देवी ने गुरूवार को लगातार दूसरे दिन शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण किया। वे गुरूवार को सभी काउंटर्स पर गईं तथा आवेदकों से चर्चा की। इस दौरान कुछ लोगों ने उन्हें अपनी समस्याओं की भी जानकारी दी।

## जेसीआई बूंदी ऊर्जा ने जरूरतमंद बच्चों के लिए 'खिलौना बैंक' की स्थापना की




बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनंत दाधीच)।** बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरने और उनके बचपन को खुशियों से भरने की अनूठी पहल करते हुए जेसीआई बूंदी ऊर्जा ने दबलाना स्थित आदर्श विद्या मंदिर विद्यालय में 'खिलौना बैंक' की स्थापना की है। संगठन द्वारा पहले भी उंडारियों की डूंगरी स्कूल में एक खिलौना बैंक स्थापित किया जा चुका है।

इस 'खिलौना बैंक' का उद्देश्य उन बच्चों को खेल-खेल में सीखने का अवसर उपलब्ध कराना है, जिनके पास अपने खिलौने नहीं हैं। इस मानवीय पहल के तहत पुराने और नए खिलौनों को एकत्र कर जरूरतमंद बच्चों को वितरित किया जाएगा। इससे बच्चों के चेहरे पर मुस्कान आएगी और समाज में करुणा व सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर ख्याति भंडारी ने बताया कि अनुकृति विजय, सोनल नुवाल, अंकिता नुवाल, प्रिया जैन, उमा माहेश्वरी और अंकिता अग्रवाल के सहयोग से यह पहल संभव हो पाई है। इस अवसर पर अंशुल जैन (जेसीआई अध्यक्ष), अंकिता नवल (सचिव), पूर्व अध्यक्ष ख्याति भंडारी, उमा माहेश्वरी, विद्यालय प्रधानाचार्य लालाराम, उपाध्यक्ष नाथूलाल तथा प्रबंध समिति सदस्य नीता योगी सहित अन्य सदस्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री मोदी के 75 वें जन्मदिवस के मौके पर किए फल वितरित



बढ़ता राजस्थान

**खातोली/कोटा।** इटावा खातौली कस्बे में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सुमन व मंडल प्रतिनिधि पप्पू पोसवाल के नेतृत्व में विश्व पटल पर भारत के सशक्त छवि गढने वाले देश के यशस्वी व तपस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्म दिवस के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों एवं आगंतुक ग्रामीणों को फल वितरित किए कुछ कार्यकर्ताओं ने मुख्य सडक़ पर गुजरने वाले राहगीरों एवं गाडियां लोहार बस्ती में जाकर सेंब, केले आदि वितरित किये केंद्र व प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर प्रधानमंत्री मोदी जी के जन्म दिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है इस दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे अंत में कार्यकर्ताओं ने सभा आयोजित कर नरेंद्र मोदी जिंदाबाद, बीजेपी जिंदाबाद के नारे लगाए मंडल अध्यक्ष व मंडल प्रतिनिधि ने कार्यक्रम में पहुंचने के लिए कार्यकर्ताओं का आभार जताया इससे दौरान पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रताप सिंह हाडा, सत्येंद्र सिंह हाडा, मंडल महामंत्री पुष्पचंद जाटवा, धर्म सिंह गोचर, सुरेंद्र धाकड़, मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र केवट, श्याम सोनी, ब्रजराज यादव, सुल्तान बैरवा, मोनू मीणा, सूर्य प्रकाश मीणा, मन की बात प्रमुख गोपाल शर्मा, उमेश वर्मा, मणि शंकर केवट, गोवर्धन सिंह हाड़ा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## शिवाजी शाखा ने विद्यालय में सौपा फर्नीचर

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** कोटा भारत विकास परिषद, शिवाजी शाखा कोटा द्वारा ग्राम गुड़ला स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में छात्रों के लिए दस सेट तीन-सीटर टेबल-बेंच भेंट किए गए। सचिव रामस्वरुप चतुर्वेदी ने बताया कि सरल और गरिमामय समारोह की शुरुआत सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम् राष्ट्रगीत के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका लीना शर्मा ने शाखा अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# किसी कार्य की गुणवत्ता कमजोर मिली तो कार्रवाई: ऊर्जा मंत्री



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (विनोद गौड़)।** ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर गुरुवार को भी सांगोद विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। नागर ने विनोद खुर्द, कुंदनपुर, रेलगांव, सिमलिया, कुराड़, खजूरना गावों में चल रहे ग्रामीण सेवा शिविरों का निरीक्षण किया। यहां जनसुनवाई करते हुए ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। लोगों अभाव अभियोग का तुरंत निस्तारण कराया।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए के विकास कार्य चल रहे हैं। इन कार्यों की मॉनिटरिंग करने का जिम्मा ग्रामवासियों और भाजपा कार्यकर्ताओं का है।

**सांगोद देहात का 117 यूनिट रक्तदान:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़ा के तहत भाजपा देहात मंडल सांगोद की ओर से लक्ष्मीपुरा हनुमान जी मंदिर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री हीरालाल नागर ने प्रधानमंत्री को मां भारती के अनन्य उपासक सनातन संस्कृति के संरक्षक तथा विकसित भारत के शिल्पकार, की संज्ञा देते हुए, राष्ट्र की एकता अखंडता, गौरव एवं समृद्धि के लिए समर्पित विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता बताया।

उन्होंने सेवा पखवाड़ा के निमित्त चल रहे सेवा कार्यों में भाजपा कार्यकर्ता बढ़ चढक़र सामाजिक, धार्मिक, सेवा भावी कार्यों में भाग लेकर देश के विकास में भागीदार बने। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मंडल अध्यक्ष मुरारी मेहता ने बताया कि शिविर में 117 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के मण्डल संयोजक प्रवीण नागर व सह संयोजक हरिओम नागर ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

**फावड़ा उठाया, नालियों से निकाला कचरा:** ऊर्जा मंत्री श्री नागर सांगोद नगर में सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित स्वच्छता अभियान में भाग लिया। श्री नागर ने नालियों को जाम देखा तो स्वयं फावड़े से कीचड़ निकालने में जुट गए। थोड़ी देर में नालियों से कचरा साफ हुआ तो पानी बह निकला। इस दौरान श्रीनागर ने साथ में मौजूद नगर पालिका अधिकारियों को नियमित सफाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कहीं पर भी पानी रुका या भरा हुआ नहीं रहना चाहिए।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने अव्यवस्थाओं को लेकर नगर परिषद आयुक्त का घेराव किया



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनंत दाधीच)।** शहर में बढ़ती अव्यवस्थाओं को लेकर गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं और स्थानीय निवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। भाजपा नेता गौरव शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर आयुक्त का घेराव किया और उन्हें जमकर खरी-खोटी सुनाई। प्रदर्शनकारियों ने मृत गोवंश की दुर्दशा, सडक़ों पर गड्ढे, खुले सीवरेज चैंबर और मुख्य मार्गों पर फैले कचरे जैसी समस्याओं को लेकर जोरदार विरोध जताया। हाल ही में आवारा नंदी के हमले में घायल हुई बुजुर्ग महिला रईसा बानो का परिवार भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुआ।

भाजपा कार्यालय से निकली वाहन रैली नगर परिषद तक पहुंची, जिसमें पार्षद शिवकरण मीणा, बंटी दाखेड़ा, ललित जैन, होटल एसोसिएशन अध्यक्ष आलोक दाधीच सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे। इस दौरान "भाजपा जिंदाबाद" और "नगर परिषद होश में आओ" जैसे नारे गूंजते रहे।

नगर परिषद कार्यालय पहुंचकर गौरव शर्मा और कार्यकर्ताओं ने आयुक्त को शहर की बदहाली के लिए जिम्मेदार ठहराया। शर्मा ने कहा कि एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश स्वच्छता और सडक़ निर्माण में मिसाल कायम कर रहा है, वहीं बूंदी में फैली अव्यवस्थाएं भाजपा सरकार की छवि को धूमिल कर रही हैं। उन्होंने आयुक्त से सख्त लहजे में कहा कि आवारा गोवंश और नंदियों को गौशालाओं या नंदीशालाओं में भेजा जाए तथा मृत गायों को सडक़ों पर छोडऩे की व्यवस्था तुरंत रोकी जाए। उन्होंने मांग की कि नंदी के हमले से घायल रईसा बानो के इलाज का खर्च जिम्मेदार व्यक्तियों से वसूला जाए, शहर के मुख्य मार्गों से कचरा प्वाइंट हटाए जाएं, सडक़ों के गड्ढों की तुरंत मरम्मत की जाए और खुले सीवरेज चैंबरों को सही स्तर पर लाया जाए। शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि इन समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो इस बदहाली के लिए आयुक्त को जिम्मेदार ठहराते हुए सरकार से शिकायत की जाएगी। विरोध प्रदर्शन के बाद नगर परिषद आयुक्त ने कार्यकर्ताओं को सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर भानू प्रताप शर्मा, जाहिद हुसैन, पप्पू सैनी, दानिश हुसैन, भगवान मंडोवरा, मोहम्मद शकील, महेंद्र मीणा, श्याम मुंदड़ा, महावीर सैनी, बबलू जैन, लोकेश राठौड़, शोजी सैनी और आदिल भाई सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## स्काउट गाइड के तीन दिवसीय द्वितीय, तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का समापन

# स्काउटिंग समाज में आदर्श नागरिक तैयार करती है: सतीश गुप्ता

बढ़ता राजस्थान



**कोटा(विनोद गौड़)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट एंड गाइड स्थानीय संघ कोटा दक्षिण का नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय छात्रावास भवन, डाइट परिसर में चल रहे तीन दिवसीय द्वितीय, तृतीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का गुरुवार को समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री के ओएसडी सतीश गुप्ता थे। अध्यक्षता स्काउट गाइड के जिला प्रधान प्रकाश जायसवाल ने की। विशिष्ट अतिथि समसा के एडीपीसी रूपेश सिंह रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सतीश गुप्ता ने कहा कि स्काउटिंग की पद्धति आकर्षक और प्रभावशाली होती है। यह समाज में आदर्श नागरिक तैयार करती है। सभी स्कूलों को इसका अनुसरण करना चाहिए। प्रदेश सरकार भी स्काउटिंग गतिविधियों को बढ़ाने के लिए पूरा प्रयास कर रही है। रुपेश सिंह ने स्काउट्स को देश सेवा के लिए सदैव तैयार रहने, विनम्र व साहसी बनने, प्रकृति प्रेमी बनने के लिए प्रेरित किया।

प्रकाश जायसवाल ने कहा कि शिविर में प्राथमिक उपचार, गांठें, झंडा विधि, शिविर शिष्टाचार, देशभक्ति गीत, वन विद्या, समूह गायन, सेवा कार्य, अनुशासन, सांस्कृतिक प्रस्तुति, लोकनृत्य, योग, शारीरिक अभ्यास, आपदा प्रबंधन और खेलों का प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय आंवली, राजकीय महात्मा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय रोजड़ी, लाल बहादुर शास्त्री स्वतंत्र स्काउट ट्रूप, न्यू किड्स पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल विज्ञान नगर, आर्केडिया एकेडमी आरकेपुरम, नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय छात्रावास डाइट परिसर, राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय रंगबाड़ी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ब्रजराजपुरा डाइट परिसर, आवासन मंडल केशवपुरा एवं मांदलिया के कुल 167 स्काउट गाइड ने भाग लिया।

इस अवसर पर मुकेश जांगिड़, सूरजभान शर्मा, अनंत गंगवाल, धनराज मीणा, जैमिनी नागर, कौमुदी किरण, मंजू चौधरी, मीनाक्षी महावर एवं नीलम पारेता मौजूद रहे।

उत्तरी अफ्रीकी देश लीबिया के तट पर डूबी नाव

# आईओएम बोला- ग्रीस जा रहे 50 शरणार्थियों की मौत

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लीबिया के तट के पास रविवार को एक नाव हादसे में 50 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई। यह नाव सूडान के शरणार्थियों को लेकर ग्रीस जा रही थी। अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने गुरुवार को जानकारी दी कि नाव में अचानक आग लग गई और वह डूब गई। यह हादसा लीबिया के पूर्वी तट पर तोब्रुक शहर से लगभग 60 किलोमीटर दूर समुद्र में हुआ। आईओएम के मुताबिक, इस नाव में कुल 75 शरणार्थी सवार थे। अब तक 24 लोगों को बचा लिया गया है, जबकि बाकी लापता हैं।

लीबिया रेड क्रेसेंट ने सोमवार को बताया कि उसे तोब्रुक के अधिकारियों से आपातकालीन कॉल मिली थी। इसके बाद बचावकर्मी कम्बोट बीच (तट से 60 किलोमीटर पश्चिम) और काबेस क्षेत्र (तट से 90 किलोमीटर पूर्व) से शव बरामद कर रहे हैं। हालांकि यह साफ नहीं है कि मिले शव उसी डूबी हुई नाव के यात्रियों के हैं या नहीं।

लीबिया लंबे समय से युद्ध और गरीबी से भाग रहे अफ्रीका और मध्य पूर्व के लोगों के लिए यूरोप जाने का प्रमुख रास्ता रहा है। यहां से प्रवासी समुद्र के रास्ते इटली या ग्रीस पहुंचने की कोशिश करते हैं। लेकिन यह यात्रा बेहद खतरनाक होती है। नावें अक्सर ओवरलोड होती हैं और खराब मौसम या तकनीकी खराबी के कारण डूब जाती हैं। लीबिया में यह संकट 2011 में शुरू हुआ, जब नाटो समर्थित विद्रोह में लंबे समय तक शासन करने वाले तानाशाह मुअम्मर गद्दाफी को सत्ता से हटाकर मार दिया गया। तब से देश में राजनीतिक अस्थिरता और गृहयुद्ध की स्थिति बनी हुई है, जिसका फायदा मानव तस्कर उठा रहे हैं।

### पहले भी हुए बड़े हादसे

इस महीने की शुरुआत में लीबिया के तट के पास एक नाव पलट गई थी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हुई और 22 लोग लापता हो गए थे। उस समय नाव में 32 प्रवासी सवार थे, जिनमें से नौ लोगों को बचा लिया गया था। दिसंबर 2024 में भी पश्चिमी लीबिया के तट पर एक बड़ा हादसा हुआ था, जिसमें 61 प्रवासी, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे, डूब गए थे। आईओएम के मिसिंग माइग्रेंट्स प्रोजेक्ट के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले आठ महीनों में लीबिया के तट पर कम से कम 434 प्रवासियों की मौत हुई है, जबकि 611 लोग अब भी लापता हैं।

# तेलंगाना के युवक की अमेरिकी पुलिस की गोली से मौत

बढ़ता राजस्थान




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका के कैलिफोर्निया में तेलंगाना के एक युवक की पुलिस की गोली लगने से मौत हो गई। फ्लोरिडा के कॉलेज में पढ़ रहे भारतीय युवक का एक छात्र से झगड़ा हो जाने के बाद पुलिस ने उसको गोली मार दी। युवक के परिजनों ने भारत सरकार और विदेश मंत्री से बेटे का शव भारत वापस लाने की गुहार लगाई है। महबूबनगर जिला निवासी मोहम्मद निजामुद्दीन फ्लोरिडा कॉलेज में पढ़ने के लिए गए थे। वहीं नौकरी कर रहे थे। मृतक के एक रिश्तेदार ने कहा कि हमें खबर मिली कि बच्चे की मौत हो गई है। सोशल मीडिया पर चल रही खबरों और हमें जो बताया गया उसके अनुसार 10-15 दिनों से उसका कोई पता नहीं चला था और आज हमें यह जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि कमरे में साथ रह रहे लड़के से एसी को लेकर चाकूबाजी हुई। इस पर एक पड़ोसी ने पुलिस बुला ली। पुलिस ने हाथ दिखाने के लिए कहा तो एक लड़के ने आदेश नहीं माना तो पुलिस ने गोली चला दी, जिससे उसकी मौत हो गई। निजामुद्दीन के पिता मोहम्मद हसनुद्दीन ने कहा कि मैं विदेश मंत्री जयशंकर से अपील करता हूं कि मेरे बेटे का शव जल्द भारत वापस लाया जाए।

# दक्षिणी गाजा में इस्राइल के चार सैनिकों की मौत

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस्राइल और हमास के बीच जारी संघर्ष के बीच गुरुवार को इस्राइली सेना ने पुष्टि की कि दक्षिणी गाजा पट्टी में उसके चार सैनिक मारे गए हैं। गाजा सिटी में इस्राइल की तरफ से बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान शुरू करने के बाद यह पहला मौका है जब किसी सैनिक की मौत की आधिकारिक घोषणा की गई है। यह घटना ऐसे समय पर हुई है जब गाजा के उत्तरी हिस्से में भीषण लड़ाई और हवाई हमले जारी हैं। इस्राइली सेना ने फिलहाल इस हमले के बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी है और न ही यह बताया है कि यह घटना किस इलाके में हुई। हालांकि सैन्य सूत्रों का कहना है कि दक्षिणी गाजा के कई हिस्सों में हमास के लड़ाके लगातार प्रतिरोध कर रहे हैं और जमीन पर इस्राइली सैनिकों को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है।

गाजा सिटी में चल रहे इस नए अभियान ने न केवल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बल्कि इस्राइल के भीतर भी भारी विरोध को जन्म दिया है। कई देशों ने इस अभियान को रोकने की मांग की है और इसे मानवीय संकट को और गहरा करने वाला कदम बताया है। गाजा पट्टी में पिछले कई दिनों से लगातार बमबारी और जमीनी अभियान के चलते बड़ी संख्या में नागरिकों के हताहत होने की खबरें आ रही हैं। इस्राइल के भीतर भी हालात तनावपूर्ण हैं। हजारों लोगों ने सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया, जिसमें युद्ध को समाप्त करने और बंधकों की सुरक्षित वापसी की मांग की गई। आलोचकों का कहना है कि लंबे समय तक जारी यह संघर्ष सैनिकों और बंधकों दोनों की जान को गंभीर खतरे में डाल रहा है।

### सैनिकों की मौत से सरकार पर बढ़ेगा दबाव

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि दक्षिणी गाजा में चार सैनिकों की मौत की ताजा खबर से इस्राइली सरकार पर दबाव और बढ़ेगा। यह घटनाक्रम प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की रणनीति पर भी सवाल खड़े कर सकता है, क्योंकि अब जनता के बीच यह चिंता गहराती जा रही है कि यह युद्ध कब और कैसे समाप्त होगा। संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय संगठनों ने भी इस संघर्ष को रोकने और गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए तत्काल कदम उठाने की अपील की है। लेकिन फिलहाल जमीनी हालात इस ओर इशारा नहीं करते कि हिंसा में जल्द ही कोई कमी आएगी।

# 'सैन्य अफसरों को आतंकियों के जनाजे में शामिल होने के आदेश मुनीर ने दिए थे'

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान की सेना और आतंकवादी संगठनों के बीच सांठगांठ की बड़ी पोल खुली है। जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर इलियास कश्मीरी ने एक वीडियो में दावा किया है कि पाकिस्तान के सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने खुद आदेश दिया था कि ऑपरेशन सिंदूर में मारे गए आतंकियों के अंतिम संस्कार में शीर्ष सैन्य अधिकारी शामिल हों। इस खुलासे ने न केवल पाकिस्तान की नीतियों पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि भारत पर लगातार हो रहे हमलों के पीछे की सच्चाई भी उजागर की है। वीडियो में कश्मीरी ने कहा कि पाकिस्तान सेना के जीएचक्यू (जनरल हेडक्वार्टर) से आदेश मिला था कि मारे गए आतंकियों को 'शहीद' का दर्जा देकर सलामी दी जाए। यही नहीं, कोर कमांडरों को बाकायदा वर्दी में उनके जनाजे में शामिल होने और सुरक्षा देने के निर्देश भी दिए गए। यह सीधे तौर पर पाकिस्तान की सेना और आतंकवादी संगठनों की मिलीभगत को दर्शाता है।

### मसूद अजहर और 26/11 हमले का जिक्र

कश्मीरी ने आगे यह भी स्वीकार किया कि उसका मुखिया मौलाना मसूद अजहर भारत में कई हमलों के लिए जिम्मेदार रहा है। उसने खुलासा किया कि आईसी-814 विमान अपहरण के बाद जब अजहर तिहाड़ जेल से रिहा होकर पाकिस्तान पहुंचा, तो बालाकोट उसकी गतिविधियों का मुख्य ठिकाना बना। वहीं से उसने दिल्ली और मुंबई में आतंकी हमलों की साजिशों को आगे बढ़ाया।

## बीएलए और मजीद ब्रिगेड को आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान और चीन ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और उसकी आत्मघाती शाखा मजीद ब्रिगेड को आतंकवादी संगठन घोषित करने के लिए संयुक्त प्रस्ताव पेश किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 अल कायदा प्रतिबंध समिति के सामने यह प्रस्ताव पेश किया गया है। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत असीम इफ्तिखार अहमद ने बुधवार को कहा कि आईएसआईएल-के, अल-कायदा, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, ईस्ट तुर्किस्तान इस्लामिक मूवमेंट, बीएलए और उसकी मजीद ब्रिगेड सहित कई आतंकवादी संगठन अफगानिस्तान से संचालित हो रहे हैं। पाकिस्तान ने दावा किया कि उसकी सीमा के पार अफगानिस्तान में 60 से ज्यादा आतंकी शिविर संचालित हो रहे हैं।

'लश्कर और जैश संगठनों पर वैश्विक कार्रवाई जरूरी'

# अफगानिस्तान को आतंक मुक्त करने के लिए यूएन में बोला भारत

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र में भारत ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद पर बड़ा हमला बोला है। भारत ने साफ कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय यह सुनिश्चित करे कि ये संगठन और उनके मददगार अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल आतंकवाद फैलाने के लिए अब और न कर सकें। यह संदेश भारत के स्थायी प्रतिनिधि पी. हरीश ने सुरक्षा परिषद की अफगानिस्तान पर बैठक में दिया।

हरीश ने कहा कि भारत लगातार अफगानिस्तान की स्थिति पर नजर रख रहा है। अफगानिस्तान और भारत के बीच गहरा सभ्यतागत रिश्ता है और इसी कारण शांति और स्थिरता भारत के लिए बेहद अहम है। उन्होंने जोर देकर कहा कि आतंकियों के लिए किसी भी तरह की जगह छोड़ना दुनिया और खासकर इस क्षेत्र के लिए खतरनाक है। भारत ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक मंचों पर इस बात पर जोर दिया है कि आतंकवाद का मुकाबला करने में सभी देशों की साझा जिम्मेदारी है। हरीश ने कहा कि यूएनएससी द्वारा घोषित आतंकी संगठन, चाहे वह आईएसआईएस हो, अल-कायदा हो या फिर पाकिस्तान समर्थित लश्कर और जैश, इन पर सख्त कार्रवाई जरूरी है। हरीश ने कहा कि भारत अफगानिस्तान के मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय सहमति का पक्षधर है। भारत ने दोहा और अन्य क्षेत्रीय बैठकों में भी सक्रिय भागीदारी की है ताकि शांति, स्थिरता और विकास को बढ़ावा दिया जा सके। उन्होंने बताया कि विदेश मंत्री एस. जयशंकर दो बार अफगान कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी से बात कर चुके हैं। भारत ने अफगानिस्तान की ओर से 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा का भी स्वागत किया।

### आतंकवाद पर नई रणनीति की मांग

भारत का कहना है कि केवल दंडात्मक कदमों से समस्या हल नहीं होगी। हरीश ने कहा कि अफगानिस्तान के लिए नई और व्यावहारिक नीति की जरूरत है। सिर्फ प्रतिबंध या पुराने तरीकों से आगे नहीं बढ़ा जा सकता। उन्होंने कहा कि जैसा चल रहा है वैसा ही चलता रहे वाली नीति से कोई फायदा नहीं होगा। जरूरत है कि सकारात्मक रवैये को प्रोत्साहित किया जाए और नकारात्मक गतिविधियों को हतोत्साहित किया जाए।

### मानवीय सहायता में भारत सबसे आगे

हरीश ने अफगानिस्तान में आए भूकंप का जिक्र करते हुए कहा कि भारत सबसे पहले राहत पहुंचाने वाले देशों में शामिल था। भारत ने 1,000 परिवारों के लिए टेंट और 15 टन खाद्य सामग्री भेजी। इसके अलावा 21 टन राहत सामग्री जिसमें दवाएं, हाइजीन किट, कंबल और जनरेटर शामिल थे, भी भेजे गए। आने वाले दिनों में और मदद भेजी जाएगी।

अफगान जनता की मदद में भारत का योगदान

अगस्त 2021 में तालिबान के काबुल पर कब्जे के बाद भारत लगातार मदद भेज रहा है। अब तक भारत ने 50,000 टन गेहूं, 330 टन से ज्यादा दवाएं और टीके, 40,000 लीटर कीटनाशक और कई अन्य आवश्यक सामग्री भेजी हैं। इसके अलावा भारत ने यूएनओडीसी के सहयोग से महिलाओं पर केंद्रित नशामुक्ति कार्यक्रमों के लिए भी मदद दी है। भारत का कहना है कि अफगानिस्तान की विकास जरूरतें पूरा करना उसकी प्राथमिकता है। भारत ने वहां 500 से ज्यादा विकास परियोजनाएं पूरी की हैं। भारत का मानना है कि शांति और स्थिरता तभी संभव है जब वहां के लोग गरीबी, बीमारी और भुखमरी से बाहर निकलें। भारत ने दोहराया कि अफगानिस्तान की मदद के लिए उसकी प्रतिबद्धता गैर-समझौतावादी है। भारत सभी संबंधित पक्षों के साथ जुड़कर अफगानिस्तान को एक शांतिपूर्ण, स्थिर और समृद्ध देश बनाने के लिए काम करता रहेगा।

## 'बुटिजज को लड़ाना चाहती थीं उपराष्ट्रपति चुनाव,



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिका की पूर्व उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने अपनी नई किताब में कई बड़े खुलासे किए है। इसी में एक खुलासा उन्होंने उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर किया है। हैरिस ने बताया कि 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में उनकी पहली पसंद बतौर रनिंग मेट पीट बुटिजज थे। हालांकि, उन्होंने यह जोड़ी बनने से पहले ही पीछे हटने का फैसला लिया क्योंकि उन्हें लगा कि अमेरिका एक साथ इतने बदलाव को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं था। हैरिस ने '107 डेज' नामक किताब में लिखा कि परिवहन मंत्री पीट बुटिजज उनके लिए आदर्श चुनावी साथी होते। उन्होंने कहा, कि अगर मैं एक श्वेत पुरुष होती, तो शायद यह जोड़ी आदर्श होती। लेकिन उन्होंने माना कि अमेरिका से एक साथ महिला, अश्वेत और यहूदी पृष्ठभूमि वाले परिवार को स्वीकार करने की उम्मीद करना उस समय बड़ा जोखिम होता। किताब में हैरिस लिखती हैं कि उनका मन तो कहता था कि चलो कर ही देते हैं लेकिन चुनाव की गंभीरता को देखते हुए उन्हें समझ आया कि यह दांव जोखिम भरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि पीट और वे दोनों इस हकीकत को समझते थे।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक और प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खंडवा, निवाई, टोंक (राज.) से मुद्रित एवं बढ़ता राजकीय महाविद्यालय के पास एनएच-12 बाईपास निवाई, टोंक (राजस्थान) प्रकाशित, संपादक तनुजा पठान*। प्रधान संपादक राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888, जयपुरः फोन 0141-2796794, 95, टॉक कार्यालयः बाईपास, निवाई, टोक (मो. 9414823448), अलवर कार्यालयः मेहताब सिंह का नोहरा, अलवर (मो. 7877309346), कोटा कार्यालयः छावनी मेन रोड, कोटा (मो. 7023350734), ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com; "पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार